manufacturers Of:
PUNJAB GOLD
Brand
ATTA, MAIDA, SUJI & BRAN
SAMANA ROLLER FLOUR MILLS LTD.
Work & Regd. Office: Patiala Road
Samana- 147101, Distt- Patiala (PUNJAB)
Tel: 01764221064, 222789, 224289
Mob-09815547571

सीधी, रीवा, सिंगरौली, भोपाल, शहडोल एवं नई दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

# समय

गांधीवादी आदर्शों पर आधारित समाजवादी समाज रचना का प्रवक्ता हिन्दी दैनिक

पौष्टिक एवं शुद्ध
हाथी
ब्राण्ड आटा बेसन
Mfd by: Jugal Kishore harbans Lal
B-40/1&2, Lawrence Road, Industrial area,
Delhi-110035
Phones: 27180252, 2718583, 27180871, 27106565

वर्ष- 70 | अंक- 242 | MP/SDLDN/0002/2013-15 | सीधी, रविवार 4 जून 2023 | संवत- 2079, ज्येष्ठ पूर्णिमा | E-mail: samayapress@gmail.com | पृष्ठ संख्या- 8 | मूल्य- 3.50 रुपए

**बालासोर ट्रेन हादसा:** एंटीकोलिजन सिस्टम नहीं था; हादसे का जिम्मेदार कौन, अब तक पता नहीं

# ओडिशा में तीन ट्रेन टकराईं, 288 मौतें, 900 घायल

**ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार शाम हुए रेल हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 288 हो गई है। 900 से ज्यादा लोग घायल हैं। हादसा बालासोर के बहानगा बाजार स्टेशन के पास शुक्रवार शाम करीब 7 बजे हुआ। न्यूज एजेंसी ने रेलवे के हवाले से जानकारी दी है कि गाड़ियों के बीच टक्कर रोकने वाला कवच सिस्टम इस रूट पर मौजूद नहीं था।**

**बालासोर एजेंसी।** हादसे के 23 घंटे बाद यानी शनिवार शाम 6 बजे तक रेल मंत्री या रेलवे मिनिस्ट्री ने हादसे की वजहों पर कुछ नहीं कहा। मंत्री से लेकर अफसर तक जांच कराने की बात दोहराते रहे। इधर न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि सिग्नल फेल होना भी हादसे की वजह हो सकता है।

### पहले ट्रेन डिरेल होने की खबर आई, फिर टकराने की जानकारी मिली

हादसे के एक घंटे बाद शाम को करीब 8 बजे बालासोर में एक ट्रेन के पटरी से उतरने की खबर आई। इसके बाद दूसरी ट्रेन डिरेल होने की बात पता चली। रात करीब 10 बजे साफ हुआ कि दो यात्री गाड़ियां और एक मालगाड़ी टकराई हैं। शुरुआत में 30 लोगों के मारे जाने की जानकारी थी, लेकिन देर रात यह आंकड़ा 200 के पार पहुंच गया।



### एक ट्रेन मालगाड़ी से टकराई, सामने से आई दूरंतो इसकी बोगियों से भिड़ी

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि बहानगा बाजार स्टेशन की आउटर लाइन पर एक मालगाड़ी खड़ी थी। हावड़ा से चेन्नई जा रही कोरोमंडल एक्सप्रेस यहां डिरेल होकर मालगाड़ी से टकरा गई। एक्सप्रेस का इंजन मालगाड़ी पर चढ़ गया और बोगियां तीसरे ट्रैक पर जा गिरीं। कुछ देर बाद तीसरे ट्रैक पर आ रही हावड़ा-बेंगलुरु दुरंतो ने कोरोमंडल एक्सप्रेस की बोगियों को टक्कर मार दी।

### घटनास्थल पर पहुंचे पीएम, घायलों से भी मिले

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार शाम करीब 4 बजे घटनास्थल पहुंचे। वे अस्पताल में घायलों से भी मिले। उन्होंने कहा कि दुर्घटना का जो भी दोषी है, उसे बक्शा नहीं जाएगा। हर तरह की जांच के निर्देश दिए हैं। हम इस घटना से सबक लेंगे और व्यवस्था को सुधारेंगे। प्रधानमंत्री ने घायलों की मदद करने वालों को शुक्रिया कहा।

### रेल मंत्री, ओडिशा-बंगाल के सीएम पहुंचे

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सुबह बालासोर पहुंचे और हादसे की जांच के आदेश दिए। उन्होंने मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायल लोगों के लिए 2 लाख रुपए और चोट लगने वाले लोगों के लिए 50,000 रुपए देने की घोषणा की है। राहुल और प्रियंका गांधी ने हादसे पर दुख जताते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से लोगों की मदद करने की अपील की है।

ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक ने बालासोर अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने राज्य में एक दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी भी बालासोर पहुंची। उन्होंने प्रभावितों के लिए राज्य की तरफ से मुआवजे का ऐलान किया। इधर, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने ओडिशा के मुख्यमंत्री से बात की है। राज्य के तीन मंत्री ओडिशा पहुंचे हैं।

### दोनों ट्रेनों के बहानगा स्टेशन पहुंचने में 3 घंटे का फर्क था पर एक साथ आ गईं

ट्रेन नंबर 12864 बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस 1 जून को सुबह 7.30 बजे बेंगलुरु के यशवंतपुर स्टेशन से चली थी। इसे 2 जून को शाम करीब 8 बजे हावड़ा पहुंचना था। यह अपने समय से 3.30 घंटे की देरी से 6.30 बजे भद्रक पहुंची। अगला स्टेशन बालासोर था, जहां ट्रेन 4 घंटे की देरी से 7.52 पर पहुंचने वाली थी। वहीं, ट्रेन नंबर 12841 शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस 2 जून को ही दोपहर 3.20 बजे हावड़ा से रवाना हुई थी। ये 3 जून को शाम 4.50 बजे चेन्नई सेंट्रल पहुंचती। यह अपने सही समय पर 6.37 बजे बालासोर पहुंची। अगला स्टेशन भद्रक था जहां ट्रेन को 7.40 बजे पहुंचना था, लेकिन 7 बजे करीब दोनों ट्रेन बहानगा बाजार स्टेशन के पास से आमने-सामने से गुजरीं, तभी हादसा हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### निजी ट्रेवल्स की बस से हादसा, तीन की मौत

**इंदौर नप्र।** इंदौर नेमावर रोड पर शुक्रवार दोपहर एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है कि निजी ट्रेवल्स की बस ने सामने से उन्हें टक्कर मार दी। हादसा इतना जोरदार था कि मौके पर ही बाइक के तीन टुकड़े हो गए। पुलिस ने बस जब्त की है। वही मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिये एमवाय अस्पताल भेजा है। बताया जाता है कि तीनों इंदौर में भंगार का सामान खरीदने आ रहे थे। खुड़ैल पुलिस के मुताबिक घटना दूधिया रोड की है। यहां एक बाइक पर सवार साजिद उर्फ इल्लू पुत्र हमीद शेख, हनीफ पुत्र बाबू खां ओर विजय तीनों निवासी बगाली को इंदौर से चापड़ा जा रही निजी ट्रेवल्स की बस ने सामने की तरफ से टक्कर मार दी। इस हादसे में दो लोगो की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीसरे को उपचार के लिये एमवाय अस्पताल भेजा गया। यहां उसने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

### बाघ ने महिला को खाया: सिर्फ पैर बचे पायल से पहचाना

**नर्मदापुरम नप्र।** नर्मदापुरम में बाघ ने एक महिला पर हमला कर दिया। उसे घसीटकर गुफा में ले गया। बाघ उसका पूरा धड़ खा गया। केवल पैर का हिस्सा बचा है। परिजन ने बाल, कपड़े और पायल से महिला की पहचान की है। परिजन ने बताया कि महिला मानसिक रूप से कमजोर थी। पुलिस और वन विभाग की टीम ने शव का बचा हुआ हिस्सा बरामद कर अस्पताल पहुंचाया है। स्टेशन रोड थाना के सब इंस्पेक्टर सुरेश सिंह चौहान ने बताया कि महिला गुरुवार से लापता थी। देवक सिंह ठाकुर निवासी ग्राम धार गांव ने उसकी मां रसी बाई (55) की गुमशुदगी लिखाई थी। शुक्रवार शाम करीब पांच बजे फॉरेस्ट रेंजर बीआर पदाम ने पिपरिया क्षेत्र के धार गांव मोहरीकला के जंगल में पहाड़ी गुफा में एक महिला का शव मिलने की सूचना दी थी। मौके पर फॉरेस्ट और पुलिस ने पहुंचकर जांच की तो यह गुमशुदा महिला निकली। घटनास्थल के आसपास बाघ के पगमार्क मिले हैं।

**मंदसौर, विदिशा, रायसेन में भी गिरा पानी; अगले 2-3 दिन तक ऐसा ही रहेगा मौसम**

## भोपाल-इंदौर में तेज बारिश के साथ ओले गिरे



**भोपाल नप्र।** मध्यप्रदेश में बेमौसम बारिश का दौर जारी है। शनिवार को भोपाल, इंदौर समेत प्रदेश के कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश होने लगी। कुछ इलाकों में ओले भी गिरे है। मंदसौर, विदिशा और रायसेन जिले में भी पानी गिरा है। मौसम में इस बदलाव से लोगों को दिनभर की तेज धूप और गर्मी से राहत मिली है। उज्जैन जिले में महिदपुर के झारड़ा में भी शाम 7 बजे के बाद आंधी-तूफान के साथ ओले गिरे।

मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों के लिए प्रदेश के कई हिस्सों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। 11 जिलों में बारिश के साथ ओले गिरने का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत में एक्टिव वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर प्रदेश के भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत कई जिलों में दिख रहा है। 4 और 5 जून को भी बारिश के आसार है। जून के दूसरे सप्ताह में फिर से आंधी-बारिश का दौर शुरू होगा। मानसून 20 जून तक प्रदेश में एंट्री कर सकता है।

### भोपाल में पहले बूंदाबांदी, फिर तेज बारिश

भोपाल में सुबह से तेज धूप, गर्मी और उमस के बीच दोपहर बाद अचानक बादल छा गए। तेज हवाएं चली और देखते ही देखते बारिश शुरू हो गई। शाम करीब 4 बजे शहर के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी होने लगी। इसके बाद तेज बारिश शुरू हो गई।

### ऐसा मौसम क्यों?

इस साल नौतपा के तेवर ठंडे रहे। हर दिन मध्यप्रदेश के किसी न किसी हिस्से में बारिश हुई। ओले गिरे और तेज हवा भी चली। ऐसा वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ), चक्रवात के एक्टिव रहने और ट्रफ लाइन के गुजरने की वजह से हुआ। शुक्रवार को सागर में 7.8, नरसिंहपुर में 2.0 मिमी बारिश हुई। नर्मदापुरम में भी पानी गिरा। सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि 1 जून को उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हो गया। इसका असर शुक्रवार से ही प्रदेश में दिखाई देने लगा।

### भोपाल में पहले बूंदाबांदी, फिर तेज बारिश

भोपाल में सुबह से तेज धूप, गर्मी और उमस के बीच दोपहर बाद अचानक बादल छा गए। तेज हवाएं चली और देखते ही देखते बारिश शुरू हो गई। शाम करीब 4 बजे शहर के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी होने लगी। इसके बाद तेज बारिश शुरू हो गई।

**कथा के मंच से बीजेपी नेता को सुनाई खरीखोटी**

## धीरेंद्र शास्त्री बोले-तुम करोड़ों से में एक, तुम्हारी यही औकात



**बालाघाट नप्र।** बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने एमपी के एक नेता को गुजरात में अपनी कथा के मंच से जमकर खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने नेता जी का नाम लिए बिना कहा कि इस धरती पर करोड़ों लोग रहते हैं। तुम उनमें से एक हो। यही तुम्हारी औकात है। धीरेंद्र शास्त्री के अनुसार मध्यप्रदेश में एक कथा के दौरान नेताजी को धक्का लग गया था। जिसे लेकर उन्होंने नाराजगी जताई थी। गुजरात के राजकोट में कथा के दौरान धीरेंद्र शास्त्री ने इसका किस्सा सुनाया। उन्होंने कहा कि हम उनका नाम नहीं बताएंगे, वरना उनकी बेइज्जती हो जाएगी।

दरअसल हाल ही में मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के परसवाड़ा में पंडित धीरेंद्र शास्त्री की कथा का आयोजन हुआ था। बीजेपी विधायक, मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष और दर्जा प्राप्त मंत्री गौरीशंकर बिसेन भी उनकी कथा में पहुंचे थे। मंच पर जाने के दौरान धीरेंद्र शास्त्री के गार्ड से उनकी कथित धक्कामुक्की हुई थी। जिससे बाद गौरीशंकर बिसने की बेटी ने धीरेंद्र शास्त्री के गार्ड पर अभद्रता करने के आरोप लगाए थे। इसका वीडियो भी सामने आया था। हालांकि बिसेन ने ऐसा कोई घटनाक्रम होने से इनकार कर दिया था।

**टावर पर पुली से अलग हो गया ट्रॉली का तार**

## देवास की चामुंडा टेकरी पर रोप-वे में फंसे श्रद्धालु, घंटेभर तक हवा में रहे 6 लोग

**देवास नप्र।** मध्यप्रदेश के देवास की प्रसिद्ध मां चामुंडा टेकरी पर शनिवार शाम बड़ा हादसा टल गया। तेज आंधी और बारिश के चलते रोप-वे के टावर पर ट्रॉली का तार पुली से अलग हो गया। जिससे दो ट्रॉलियों में सवार 6 श्रद्धालु बीच में ही फंस गए। ये करीब डेढ़ घंटे तक हवा में लटके रहे। रेस्क्यू टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद सभी को सकुशल नीचे उतार लिया।

ट्रॉली में फंसे सभी लोग एक ही परिवार के सदस्य हैं। जो आंध्रप्रदेश और ओडिशा के रहने वाले हैं और मां चामुंडा के दर्शन के लिए देवास आए थे। टेकरी पर जाने के लिए ये रोप वे की ट्रॉली में सवार हुए थे। परिवार के 4 सदस्य तो पहले ही टेकरी पर पहुंच चुके थे। लेकिन दो ट्रॉली में सवार 6 सदस्य फंस गए। चढ़ाई के दौरान ट्रॉली अचानक झटके के साथ रुक गई। जिससे श्रद्धालु घबरा गए। ट्रॉली काफी देर तक हवा में ही झूलती रही। बाद में रोप वे के कर्मचारियों ने पुलिस की मदद से इनका रेस्क्यू किया।

### माता की कृपा से बच गए

श्रद्धालु एमआर कृष्णा राव ने कहा कि हम दस लोग आंध्रप्रदेश और ओडिशा से आए हैं। मेरी दो बेटी है, एक आंध्रा से और एक ओडिशा से आई है। मैं पहले आ गया, लेकिन मेरी 2 बेटी समेत 6 सदस्य ट्रॉली में ही फंस गए। एक घंटे से ज्यादा समय तक फंसे रहे। हमें बचाने के लिए प्रशासन की पूरी टीम तुरंत वहां पहुंच गई और हमारे परिवार का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। हम प्रशासन को दिल से धन्यवाद देते है। उन्होंने सही समय पर आकर परिवार को बचा लिया। उन्होंने कहा कि माता रानी के आशीर्वाद से मेरी 2 बेटियां बच गई।

## कूनो नेशनल पार्क में वन विभाग नामीबिया से लाए चीतों का कर रहा निगरानी


**2 माह में तीन शावकों व 6 चीतों की मौत, एनटीसीए ने बनाई जांच कमेटी**



**श्योपुर नप्र।** वन विभाग की टीमें कूनो नेशनल पार्क में छोड़े गए चीतों पर निगरानी बनाए हुए हैं। उनकी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्हें किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि नर चीता पवन कूनो नेशनल पार्क से भागकर विजयपुर इलाके के गांव के आसपास पहुंच गया था। उसके बाद वह पोहरी होते हुए शिवपुरी के माधव नेशनल पार्क में पहुंच गया था। हालांकि, बाद में कुनो का अमला उसे ट्रेंकुलाइज कर वापस पार्क ले आया था।, लेकिन वह फिर भागकर शिवपुरी पहुंच गया। कूनो नेशनल पार्क के अमले ने अब उसे बड़े बाड़े में बंद कर दिया है। गौरतलब है कि चीतों की सेहत और उनकी जिंदगी को लेकर प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश में चितां की लहर है। यहां पिछले 2 महीनों में एक के बाद एक कई चीतों की मौत हो गई। उनकी मौत ने वन विभाग के साथ-साथ हर उस शख्स को परेशान कर रखा है, जिनकी इनमें दिलचस्पी है। चीतों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए वन विभाग अपनी कमियों का पता लगाकर उन्हें दूर करने में जुटा। वहीं आम जनता ने भी इन चीतों की सलामती के लिए मंदिर में पूजा-पाठ, हवन और महामृत्युंजय मंत्रों का जाप किया। कूनो नेशनल पार्क में पिछले 2 महीनों के अंदर तीन शावकों 6 चीतों की मौत हो चुकी है। एक शावक अभी भी बीमार है।

**पेडस्टल पर चढ़कर देखीं मूर्तियां**

## महाकाल लोक पहुंची लोकायुक्त की जांच टीम, स्मार्ट सिटी सीईओ से मांगी एग्रीमेंट



**उज्जैन नप्र।** उज्जैन के महाकाल लोक में मूर्तियां गिरने के मामले की जांच तेज हो गई है। शनिवार को लोकायुक्त की टीम महाकाल लोक पहुंची। टीम के सदस्यों ने पेडस्टल पर चढ़कर करीब आधा दर्जन मूर्तियों का निरीक्षण किया। काफी देर तक एक-एक मूर्ति को बारीकी से देखा।

टीम ने उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड से मूर्तियों के संबंध में जानकारी मांगी है। अफसरों ने कहा कि जांच रिपोर्ट तैयार होने के बाद ही कुछ बता पाएंगे। 28 मई को तेज आंधी के कारण महाकाल लोक में सप्तऋषियों की 7 में से 6 मूर्तियां गिर गई थीं।

इसको लेकर महाकाल लोक के निर्माणकार्य में भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। कांग्रेस विधायक महेश परमार ने महाकाल लोक में बनी पार्किंग को लेकर लोकायुक्त में शिकायत भी की थी। इसकी जांच के बीच ही मूर्तियां धराशायी हो गईं। इसके बाद लोकायुक्त की टीम एक्शन मोड में आ गई।

### टीम ने मूर्तियों को देखा, पेडस्टल को जांचा

भोपाल से लोकायुक्त का 5 सदस्यीय दल दोपहर करीब 12.30 बजे उज्जैन पहुंचा। टीम ने त्रिपुरासुर, पिनाकी समेत 6 से ज्यादा मूर्तियों को बारीकी से देखा। मूर्तियों के आधार स्तंभ की जांच भी की। सप्तऋषियों की मूर्तियां गिरने के बाद खाली पड़े पेडस्टल की भी टीम के सदस्यों ने जांच की।

## पाक सरकार ने 203 भारतीय मछुआरों को रिहा किया, एसजीपीसी ने लगाया लंगर

**अमृतसर एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच कैदियों की अदला-बदली को लेकर हुए समझौते के अनुसार पाकिस्तान सरकार ने 203 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया है। देर रात वतन लौटने पर एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी, सचिव प्रताप सिंह, मैनेजर सतनाम सिंह, सुपरिटेंडेंट एसजीपीसी राजेंद्र सिंह रूबी अटारी के विशेष प्रयास के फलस्वरूप पिछले कई दिनों से भूख की मार झेल रहे भारतीय मछुआरों के लिए अटारी सीमा में



देर रात लंगर का प्रबंध किया गया था। ये सभी मछुआरे मछली पकड़ते हुए पाकिस्तान की समुद्री लीमा पार रहे थे, जिसके बाद इनको गिरफ्तार कर लिया गया था। सजा पूरी करने के बाद इनको छोड़ दिया गया है।

**मप्र विधानसभा चुनाव** | **पीएम मोदी और प्रियंका गांधी वाड्रा आ रहे जून में**

# महाकौशल क्षेत्र से होगा मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव का आगाज

**मध्य प्रदेश में जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे बड़े नेताओं के दौरे बढ़ते जा रहे हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रियंका गांधी वाड्रा इसी महीने महाकौशल के दौरे पर आ रहे हैं। कहा जा रहा हैं यहीं से बीजेपी और कांग्रेस अपने-अपने चुनाव अभियान का आगाज करेंगी।**

**भोपाल नप्र।** 2018 के पहले महाकौशल बीजेपी का गढ़ माना जाता था। लेकिन, 2018 के आंकड़े बीजेपी के लिए बेहद चौंकाने वाले थे। इसके बाद बीजेपी अपनी खोई जमीन को वापस पाने के लिए जी जान से जुटी हुई है।

प्रधानमंत्री मोदी 21 जून विश्व योग दिवस पर महाकौशल के दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे महाकौशल के लिए कुछ बड़ी घोषणाएं कर सकते हैं। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस की राष्ट्रीय महामंत्री प्रियंका गांधी भी 12 जून को महाकौशल आ रही हैं। वे यहां विधिवत कांग्रेस के चुनावी



अभियान का आगाज करेंगी। इस दौरान वह कांग्रेस के महिला वचन पत्र को भी जारी करेंगी। गौरतलब है कि महाकौशल में 38 विधानसभा क्षेत्र हैं। 2018 के चुनाव में कांग्रेस को यहां से 24 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। जबकि, बीजेपी को महज 12 सीटों पर जीत मिली थी। साल 2013 के आंकड़े इसके उलट थे। महाकौशल के दौरों पर कांग्रेस के प्रवक्ता आनंद जाट का कहना है कि प्रियंका गांधी एक बड़ी चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए जबलपुर आ रही हैं।

यह माना जा सकता है कि यह मध्य प्रदेश में कांग्रेस के चुनाव अभियान का आगाज है। इसके साथ ही कांग्रेस ने आधी आबादी यानी महिलाओं के लिए विशेष वचन पत्र तैयार किया है। कांग्रेस प्रवक्ता जाट ने कहा कि प्रधानमंत्री इस साल तीसरी बार आ रहे हैं। जब वह पहली बार आए तब कूनो में चीते छोड़े, दूसरी बार आए महाकाल लोक का उद्घाटन किया और तीसरी बार वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।

उन्होंने कहा कि महाकाल लोक में जिस तरीके से भ्रष्टाचार हुआ, कूनो में जिस तरीके से चीतों की मौत हो रही है और वंदे भारत ट्रेन दुर्घटनाओं का शिकार हो रही है, उस पर कांग्रेस उनसे कुछ वाजिब सवाल पूछ रही है। क्या प्रधानमंत्री महाकौशल के दौरे पर इन घटनाओं के बारे में भी कुछ वक्तव्य देने वाले हैं।

## न्यूज ट्रेक

### भारत-चीन ने पत्रकारों के वीजा पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** भारत और चीन ने एक-दूसरे के पत्रकारों को वीज़ा देना बंद कर दिया है। चीन के सरकारी अख़बार ग्लोबल टाइम्स ने कहा है कि इस 'खतरनाक ट्रेंड' से दोनों देशों के रिश्ते सामान्य बनाने पर असर पड़ सकता है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने एक रिपोर्ट में बताया था कि इस महीने भारत ने देश में बचे चीन के दो आखिरी पत्रकारों के वीज़ा को फिर से जारी करने से इनकार कर दिया है। इनमें एक पत्रकार चीन की सरकारी एजेंसी शिन्हुआ से जुड़े हैं। जबकि दूसरे चाइना सेंट्रल टेलीविज़न के हैं। दावा किया गया है कि भारत-चीन ने एक-दूसरे के पत्रकारों की पहुंच लगभग समाप्त कर दी है।

### जापान में 46 हजार घर खाली करने के आदेश

**टोक्यो, (एजेंसी)।** जापान के दक्षिणी प्रांत ओकिनावा के नानजो शहर में 46 हजार से ज्यादा लोगों को शक्तिशाली चक्रवाती तूफान मावर के मद्देनजर घर खाली करने का आदेश जारी किया गया है। यह जानकारी जापानी मीडिया ने गुरुवार को दी। एनएचके प्रसारक ने कहा कि तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों से अपने घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा, जहां स्तर चार स्तर के खतरे को पांच स्तर का घोषित व अन्य शहर में तीसरे स्तर के खतरे को घोषित किया है।

### यूक्रेन ने रूसी हाइपरसोनिक मिसाइल को मार गिराया

रुस। यूक्रेन की एयरफोर्स ने दावा किया है कि उन्होंने रूस की सबसे एडवांस हाइपरसोनिक मिसाइल किंजल को अमेरिका के पैट्रियट डिफेंस सिस्टम से तबाह कर दिया। एयरफोर्स के प्रवक्त ा युरी इहनात ने यूक्रेन के चैनल 24 को ये जानकारी दी। उन्होंने कहा, रूस कह रहा था कि अमेरिका का पैट्रियट मिसाइल सिस्टम पुराना और रूस के हथियार पूरी दुनिया में सबसे बेहतर हैं। अब किंजल का हवा में ढेर होना उनके मूंह पर तमाचा है।



व्यू ऑफ अजंता केव्स, इन छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद)

## चोपड़ा ने वायु सेना स्टेशन हिंडन की कमान संभाली

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** एयर कमोडोर संजय चोपड़ा ने गुरुवार को वायु सेना स्टेशन हिंडन की कमान संभाली। एयर कमोडोर चोपड़ा ने एयर कमोडोर विनय प्रताप सिंह का स्थान लिया है। इस अवसर पर शानदार परेड का आयोजन किया गया।



एयर कमोडोर चोपड़ा को दिसंबर 1995 में भारतीय वायु सेना में हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में कमीशन मिला था। वह एक अच्छे फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर हैं और उन्हें 4700 घंटे से अधिक समय तक उड़ान भरने का अनुभव है। वह कॉलेज ऑफ एयर वारफेयर सिकंदराबाद के पूर्व छात्र हैं। वह इससे पहले एक हेलीकॉप्टर यूनिट तथा एक फ्लाइंग स्टेशन की कमान संभाल चुके हैं। उन्हें विशिष्ट सेवा के लिए वायु सेना पदक से सम्मानित किया गया है।

## शराबबंदी संबंधी चार लाख मुकदमे वापस लेकर आम माफी दे सरकार

*राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा*

**पटना, (एजेंसी)।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि पूर्ण मद्यनिषेध कानून को छह साल में जब इतना शिथिल कर दिया गया कि यह बेअसर हो चुका है तब राज्य सरकार को शराबबंदी संबंधी चार लाख से ज्यादा मुकदमों को वापस लेते हुए आम माफी का एलान भी कर देना चाहिए। श्री मोदी ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि शराबबंदी संबंधी मुकदमे वापस लेने से जहां दलित, पिछड़े और अतिपिछड़े वर्ग के लाखों गरीबों को राहत मिलेगी वहीं अदालतों पर मुकदमों का बोझ कम होगा।



शराबखोरी के चलते जो लोग पहली बार जेल गए, उन्हें रिहा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले शराब पायी जाने पर वाहन जब्त करने का नियम था, फिर इसे शिथिल करते हुए वाहन बीमा राशि का 50 फीसद जुर्माने के तौर पर भरकर वाहन छोड़ने का नियम बना। अब बीमा राशि का मात्र 10 फीसद जमा कर शराब ले जाते पकड़ा गया वाहन छुड़ाया जा सकता है। भाजपा सांसद ने कहा कि नियमों में लगातार नरमी से भी साफ है कि राज्य सरकार पूर्ण शराबबंदी लागू करने में विफल है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में एक बोतल शराब मिलने पर मकान और वाहन जब्त करने का कानून था, आज शराब माफिया के दबाव में मामूली जुर्माना लगाने पर आ गए। श्री मोदी ने कहा कि अब बिहार में गुजरात की तरह परमिट व्यवस्था लागू करनी चाहिए ताकि बीमार लोगों को मेडिकल ग्राउंड पर और पर्यटकों के लिए सीमित मात्रा में शराब की आपूर्ति आसान हो सके।

## कोलकाता की एक इमारत में भीषण आग लगी

**कोलकाता, (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के गणेश चंद्र एवेन्यू इलाके में गुरुवार को एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक आग बुझाने के लिए दमकल की कम से कम 10 गाड़ियों को लगाया गया है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। इमारत में सरकारी कार्यालयों सहित कई कार्यालय हैं तथा वहां मौजूद लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

### नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड और पीएम नरेंद्र मोदी की मुलाकात में फैसला

## नेपाल-भारत के बीच तेजी से बनेगा रामायण सर्किट

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

भारत और नेपाल के बीच प्रस्तावित रामायण सर्किट के काम में तेजी लाई जाएगी। भारत पहुंचे नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड और पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात में यह फैसला हुआ। बातचीत के बाद पीएम मोदी ने कहा, दोनों देशों के बीच रामायण सर्किट का काम तेजी से पूरी किया जाएगा।



प्रधानमंत्री बोले, मैंने और पीएम प्रचंड ने नेपाल-भारत की पार्टनरशिप को हिट से सुपरहिट बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले किए हैं। इसके अलावा दोनों नेताओं ने भारत-नेपाल के बीच नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी पर भी चर्चा की। इस दौरान हाइड्रो-पावर डेवलपमेंट, एग्रीकल्चर और कनेक्टिविटी जैसे मुद्दों पर बात हुई।

**नेपाल के लोगों के लिए नए रेल रूट्स शुरू होंगे-** पीएम मोदी ने कहा, मैंने 2014 में नेपाल की पहली यात्रा की थी। तब मैंने एक एचआईटी यानी हिट फॉर्मूला दिया था। इसमें हाई-वे, आई-वे और ट्रान्स-वे शामिल थे। मैंने कहा था कि हमारे बॉर्डर दोनों देशों के रिश्तों में बैरियर नहीं बनने चाहिए। आज मैं कह सकता हूं कि हमारे संबंध हिट हैं। नेपाल के लोगों के लिए नए रेल रूट्स शुरू किए जाएंगे। इसके अलावा वहां के रेलकर्मियों को ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

**सत्ता में 9 साल पूरे होने पर पीएम को दी बधाई-** नेपाल के पीएम प्रचंड ने कहा, मैं चौथी बार भारत दौरे पर आया हूं। मैं पीएम मोदी को भारत की सत्ता में 9 साल पूरे करने की बधाई देता हूं। उनकी लीडरशिप में भारत में इकोनॉमी सहित सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हुआ है। आज भारत और नेपाल के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं।

**राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि :** इससे पहले गुरुवार को पीएम प्रचंड ने राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी थी। प्रचंड दोपहर बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मुलाकात करेंगे। नेपाल के प्रधानमंत्री के तौर पर प्रचंड का ये चौथा भारत दौरा है।

### प्रधानमंत्री मोदी को दिया नेपाल आने का न्योता

प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेपाल के पीएम प्रचंड ने कहा, मेरी मोदी जी से सीमा विवाद को लेकर भी चर्चा हुई। मैं उनसे अपील करता हूं कि इस मामले को द्विपक्षीय बातचीत के जरिए सुलझाया जाए। वहीं प्रधानमंत्री प्रचंड ने प्रधानमंत्री मोदी को नेपाल आने का न्योता दिया। दोनों नेताओं के बीच हैदराबाद हाउस में बैठक हुई थी।

## बाइडेन का वादा- NATO में जल्द शामिल होगा स्वीडन

### तुर्किये से की विरोध खत्म करने की अपील, कहा- पुतिन ने हमें तोड़ने की कोशिश की

**अमेरिका।** फिनलैंड के बाद अब स्वीडन भी जल्द ही नॉर्थ एटलांटिक ट्रीटी ऑर्गेनाइजेशन में शामिल होने वाला है। गुरुवार को कोलोराडो में ज्ञ एयरफोर्स एकेडमी को संबोधित करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा- रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर हमला करके NATO को तोड़ने की कोशिश की, लेकिन हम अब भी मजबूत हैं। फिनलैंड के साथ आने से हम और सशक्त हुए हैं और मैं वादा करता हूं कि बहुत जल्द स्वीडन भी हमारे साथ होगा।



बाइडेन ने अमेरिकी एयरफोर्स में शामिल होने वाले लोगों से कहा- आप ऐसे माहौल में सर्विस जॉइन कर रहे हैं जब दुनिया में अस्थिरता है। अमेरिका-चीन के रिश्तों में बढ़ते तनाव के बीच उन्होंने कहा- हम चीन की तरफ से पेश की जा रही चुनौतियों से पीछे नहीं हटेंगे। हम उनसे टकराव नहीं चाहते हैं, लेकिन कड़े मुकाबले के लिए तैयार हैं। अमेरिका और चीन क्लाइमेट चेंज जैसी वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए साथ काम करते रहेंगे।

#### स्वीडन की मेंबरशिप का विरोध करते हैं तुर्किये-हंगरी

नॉर्डिक देशों को NATO में शामिल करने को लेकर तुर्किये और हंगरी लगातार विरोध करते रहे हैं। हालांकि, इस बार बाइडेन ने संकेत दिए कि इस मामले में दोनों देशों के साथ डील हो गई है। दरअसल, सोमवार को बाइडेन ने एर्दोगन को फिर से तुर्किये का राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई दी थी। इस दौरान उन्होंने बताया था कि एर्दोगन ने अमेरिका से स्न-16 फाइटर जेट खरीदने की इच्छा दोहराई है। वहीं उन्होंने तुर्किये से स्वीडन के NATO में शामिल होने पर सहमति जताने की अपील की।

#### जुलाई में होगा NATO का शिखर सम्मेलन

जो बाइडेन ने बताया कि वो जल्द ही एर्दोगन से दोबारा बात करेंगे। ह्रझह्र शिखर सम्मेलन जुलाई में लिथुआनिया के विलनियस में होगा। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने मंगलवार को तुर्किये से ह्रझह्र में स्वीडन की एंट्री को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने की अपील की। उन्होंने कहा- स्वीडन अपनी सदस्यता के लिए पहले ही तुर्किये की आपत्तियों को दूर करने के लिए जरूरी कदम उठा चुका है। हालांकि, व्हाइट हाउस ने इस बात से इनकार किया कि वो इसके बदले तुर्किये को स्न-16 देंगे।

#### जेलेंस्की बोले- यूक्रेन की सदस्यता पर फैसला करे NATO-EU

दूसरी तरफ, यू ेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की मोल्दोवा में यूरोपीय देशों की एक बैठक में शामिल हुए। उन्होंने कहा- श्व और ह्र्जह्र को इस बात पर जल्द फैसला लेना चाहिए कि यू ेन उनका सदस्य बनेगा या नहीं। जेलेंस्की ने कहा- रूस से बॉर्डर शेयर करने वाले हर देश को EU-NATO में शामिल किया जाना चाहिए, क्योंकि रूस इन सब पर कब्जा करने की कोशिश करता है।

#### अप्रैल में NATO में शामिल हुआ था फिनलैंड

इससे पहले 4 अप्रैल को फिनलैंड NATO का मेंबर बन गया था। वो इस मिलिट्री अलायंस में शामिल होने वाला 31वां देश था। रूस ने इस फैसले का विरोध किया था। `मलिन ने कहा था कि ये रूस की सिक्योरिटी पर हमला है। नाटो के से `टरी जनरल जेन्स स्टोलनबर्ग ने कहा था- हमारे लिए यह हफ्ता ऐतिहासिक है। नाटो देश एक प्लेटफॉर्म पर आ रहे हैं। फिनलैंड नाटो फैमिली का नया मेंबर बन चुका है।

## एनसीपी प्रमुख पवार ने सीएम एकनाथ शिंदे से की मुलाकात

**मुंबई, (एजेंसी)।** उद्योगपति गौतम अदाणी गुरुवार को राकांपा प्रमुख शरद पवार से मिलने मुंबई में स्थित उनके घर सिल्वर ओक पहुंचे। वहीं, उनके कुछ देर बाद शरद पवार महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे से मुलाकात करके आएं हैं।



इस दौरे को लेकर कई तर्क-वितर्क लगाए जा रहे है। हालांकि अब शरद पवार ने वहां जाने की वजह बता दी है। शिंदे से मुलाकात के बाद, शरद पवार ने ट्वीट करते हुए कहा, 'मराठा मंदिर के अमृत महोत्सव की वर्षगांठ के अवसर पर संस्थान समारोह का आयोजन करेगी। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे को इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करने के लिए उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। साथ ही महाराष्ट्र में मराठी फिल्म, रंगमंच एवं कला क्षेत्र के कलाकारों एवं शिल्पकारों की समस्याओं को जानने के लिए बैठक आयोजित करने को लेकर भी मुख्यमंत्री से चर्चा की। इस दौरे की जानकारी सीएम एकनाथ शिंदे ने ट्वीट कर दी।

## जयशंकर दक्षिण अफ्रीका में रूसी विदेश मंत्री से मिले

**केपटाउन, (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से मुलाकात की और द्विपक्षीय एवं वैश्विक हितों के मुद्दों पर चर्चा की। पांच देशों के समूह 'ब्रिक्स' (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) के एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए यहां पहुंचे जयशंकर ने ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर लावरोव के साथ बातचीत की। जयशंकर ने ट्वीट कर कहा कि गुरुवार सुबह केपटाउन में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मिलकर अच्छा लगा। हमारी चर्चा में द्विपक्षीय मामले, ब्रिक्स, जी20 और एससीओ शामिल थे।

भारत क्रमशः जुलाई और सितंबर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) और जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। पिछले कुछ महीनों में भारत रूस से रियायती कच्चे तेल का प्रमुख आयातक बन गया है, जबकि पश्चिम में यूक्रेन पर रूसी हमले के मद्देनजर इस खरीद को लेकर बेचैनी बढ़ रही है। रूस के साथ भारत के आर्थिक संबंध पिछले एक साल में और मजबूत हुए हैं, जिसका मुख्य कारण रूस से रियायती तेल की खरीद है। भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूसी हमले की निंदा नहीं की है और वह वार्ता एवं कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के हल पर जोर दे रहा है।

## सुहाग सेज पर मृत मिले नव दंपत्ति, पीएम से होगा कारणों का खुलासा

**बहराइच, (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार सुबह नव दंपत्ति सुहाग सेज पर मृत पाए गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गोड़हिया नंबर चार गांव में नव दंपति की बीती देर रात सुहागरात को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारणों का पता चलने की बात कह रही है। उन्होंने बताया कि कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के गोड़हिया नंबर चार निवासी प्रताप (23) का विवाह ग्राम गोड़हिया नंबर दो गुल्लनपुरवा गांव निवासी पुष्प पुत्री परसराम के साथ 30 मई को हुआ था। 31 मई को बारात वापस गांव पहुंची। बीती रात नव दंपती ने अपना कमरा बंद कर लिया। गुरुवार सुबह दंपति देर तक दरवाजा नहीं खोला तो परिवार के लोग परेशान हुए। सभी ने कमरा खोलकर देखा तो पुष्पा और प्रताप कमरे में दोनों मृत मिले। लड़का पक्ष के लोगों ने लड़की पक्ष के लोगों को सूचना दी। दोनों के परिवार के लोग एकत्रित हुए और पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी कमलेश सिंह और प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह गांव पहुंचे। कोतवाल राजनाथ सिंह का कहना है कि जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## नागपुर में अश्लील पार्टी में कई हस्तियां शामिल

**नागपुर, (एजेंसी)।** नागपुर में एक रिजॉर्ट पर पुलिस ने छापा मारा है। रिजॉर्ट में अश्लील पार्टी चल रही थी। पुलिस ने मामले में छह डांसिंग लड़कियों समेत 12 लोगों को पर कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में भारी मात्रा में विदेशी शराब और कैश बरामद की गई।

**रिजॉर्ट में पुलिस ने मारा छापा**

जिले के उमरेड करहंडला इलाके के पैराडाइज रिजॉर्ट में पुलिस की छापेमारी की गई है। रिसॉर्ट में यह नजारा देख पुलिस भी दंग रह गई। केस में नागपुर व भंडारा जिले के कुछ प्रमुख नागरिक और डॉक्टर शामिल हैं। पुलिस ने जानकारी दी है कि इस मामले में आगे की जांच जारी है। इस दौरान कार्रवाई में बड़ी मात्रा में विदेशी शराब भी जब्त की गई है, इतना ही नहीं बल्कि कैश भी जब्त किया है।

## यूपी के सभी 75 जिलों में तैनात करेंगे आपदा मित्र

**लखनऊ, (ब्यूरो)।** उप्र सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के नए भवन का शिलान्यास किया और कहा कि सरकार के प्रयास से आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल हुई है। श्री योगी ने कहा कि यूपी देश की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य है। स्वाभाविक रूप से बड़े क्षेत्रफल का राज्य होने के चलते चुनौती भी बड़ी है। प्रदेश में कभी 40 जिले बाढ़ प्रभावित माने जाते थे, आज हमने इस खतरे को 4-5 जिलों में समेटने का काम किया है।



आज अगर कहीं आपदा आती है तो लोगों को ये विश्वास रहता है कि सरकार की ओर से राहत भी आ रही होगी। उन्होंने प्रदेश के सभी 75 जनपदों में आपदा मित्रों की बात कहते हुए अच्छा कार्य करने वालों को व्यवस्था के साथ जोड़ते हुए उचित मानदेय देने के लिए भी राजस्व विभाग को कहा। करीब 66.40 करोड़ की लागत से डेढ़ एकड़ में बनने जा रहे पांच मंजिला भव्य इमारत के शिलान्यास के दौरान मुख्यमंत्री ने तकनीकी के माध्यम से प्रदेश में आपदा प्रबंधन और जनजागरूकता को आगे बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में ना प्रकार के क्लाइमेटिक जोन हैं। यहां आपदा की आशंका हमेशा बनी रहती है। यूपी की सीमा नेपाल, बिहार, झारखंड, छग, उत्तराखंड, दिल्ली, मप्र, झारखंड से मिलती है।

## राज्य कर्मियों को मिल सकेगा वेतन का अग्रिम भुगतान

**जयपुर, (ब्यूरो)।** प्रदेश के राजकीय कार्मिक अब आकस्मिक आवश्यकता पर अपने वेतन का अग्रिम भुगतान ले सकेंगे। इसके लिए सीएम शोक गहलोत ने 'अर्न्ड सैलेरी एडवांस ड्रॉल एक्सेस स्कीम' को स्वीकृति दी है।

**सीएम ने दी मंजूरी**

इस स्कीम की कार्यवाही राजस्थान फाइनेंशियल सर्विस डिलेवरी लि. द्वारा की जाएगी। इससे कार्मिकों को माह के अंत से पहले ही आनुपातिक रूप से वेतन का अग्रिम भुगतान किया जा सकेगा। कार्मिक को किए अग्रिम भुगतान की कटौती अगले माह के वेतन में से समायोजित की जाएगी। यह सुविधा 1 जून, 2023 से सभी कार्मिकों के लिए उपलब्ध हो सकेगी। श्री गहलोत के इस निर्णय से राज्य कमियों को जरूरत के समय आर्थिक संबल मिल सकेगा।

### सीएम स्टालिन ने कहा

## अध्यादेश का कड़ा विरोध करेंगे, संकट उत्पन्न कर रहा केंद्र

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल गुरुवार को चेन्नई में तमिलनाडु के अपने समकक्ष एमके स्टालिन से मिले। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली में उन्हें काम करने से रोकने का आरोप लगाते हुए समर्थन मांगा।

**केजरीवाल को मिला डीएमके का साथ**

तमिलनाडु के सीएम ने भी केजरीवाल को अपना दोस्त बनाया। साथ ही कहा कि केंद्र द्वारा दिल्ली के अधिकार छीनने के संदर्भ में लाए जा रहे अध्यादेश का वो संसद में विरोध करेंगे। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक के प्रमुख स्टालिन ने कहा, कि केंद्र आप के लिए संकट उत्पन्न कर रहा है और विधिवत चुनी हुई सरकार को स्वतंत्र रूप से काम करने से रोक रहा है।

## समय

# स्कूली शिक्षा बीच में छोड़ने की प्रवृत्ति चिंताजनक

सरकार से लेकर शिक्षा पर काम करने वाले संगठनों की अध्ययन-रपटों में अनेक बार इस चिंता को रेखांकित किया गया है, लेकिन अब तक इसका कोई सार्थक हल सामने नहीं आ सका है। किसी भी देश की शिक्षा व्यवस्था की कामयाबी इसमें है कि शुरुआती से लेकर उच्च स्तर तक की शिक्षा हासिल करने के मामले में एक निरंतरता हो। अगर किसी वजह से आगे की पढ़ाई करने में किसी विद्यार्थी के सामने अड़चनें आ रही हों तो उसे दूर करने के उपाय किए जाएं। लेकिन बीते कई दशकों से यह सवाल लगातार बना हुआ है कि एक बड़ी तादाद में विद्यार्थी स्कूल-कालेजों में बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते हैं और उनकी आगे की पढ़ाई को पूरा कराने के लिए सरकार की ओर से ठोस उपाय नहीं किए जाते। इस मसले पर सरकार से लेकर शिक्षा पर काम करने वाले संगठनों की अध्ययन-रपटों में अनेक बार इस चिंता को रेखांकित किया गया है, लेकिन अब तक इसका कोई सार्थक हल सामने नहीं आ सका है। अब एक बार फिर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से सन 2022 की बोर्ड परीक्षाओं के विश्लेषण में बताया गया है कि दसवीं और बारहवीं के स्तर पर देश में लाखों बच्चे पढ़ाई छोड़ देते हैं। विश्लेषण के मुताबिक, पिछले साल पैंतीस लाख विद्यार्थी दसवीं के बाद ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ने नहीं गए। इनमें से साढ़े सत्ताईस लाख सफल नहीं हुए और साढ़े सात लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा नहीं दी। संभव है कि बीच में पढ़ाई छोड़ने के संदर्भ में किसी की प्रत्यक्ष की भूमिका नहीं दिखाई दे, लेकिन आखिर यह व्यवस्थागत कमियों से ही जुड़ा हुआ सवाल है, जिसमें स्कूली शिक्षा के स्वरूप से लेकर सामाजिक-आर्थिक कारक अपनी भूमिका निभाते हैं। शिक्षा मंत्रालय के विश्लेषण में आंकड़ों के मुताबिक जो पैंतीस लाख विद्यार्थी दसवीं के बाद ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ने नहीं गए, उनमें पचासी फीसद ग्यारह राज्यों से थे। इसी तरह, पिछले साल बारहवीं के बाद 23.4 लाख विद्यार्थियों ने बीच में पढ़ाई छोड़ दी। इनमें से सतहत्तर फीसद ग्यारह राज्यों से थे।

## विशेष

# समाज सुधारक थे कबीर दास



रमेश सर्राफ धमोरा

**कबीर दास जी हमारे हिंदी साहित्य के एक जाने माने महान कवि होने के साथ ही एक समाज सुधारक भी थे। उन्होंने समाज में हो रहे अत्याचारों और कुरीतिओं को खत्म करने की बहुत कोशिश की। जिसके लिये उन्हें समाज से बहिष्कृत भी होना पड़ा। परन्तु वे अपने इरादों में अडिग रहे और अपनी अंतिम श्वास तक जगत कल्याण के लिये जीते रहे। उन्होंने समाज में व्याप्त रूढ़ियों तथा अन्धविश्वासों पर करारा व्यंग्य किया है। उन्होंने धर्म का सम्बन्ध सत्य से जोड़कर समाज में व्याप्त रूढ़िवादी परम्परा का खण्डन किया है। कबीर ने मानव जाति को सर्वश्रेष्ठ बताते हुये कहा था कि इसमें कोई भी ऊंचा या नीचा नहीं है।**

संत कबीर दास जी का जन्म संवत 1455 की ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा को बनारस में हुआ था। इसीलिए ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा के दिन देश भर में कबीर जयंती मनाई जाती है। कबीर दास के नाम पर कबीरपंथी नामक संप्रदाय आज भी प्रचलित है। इस संप्रदाय के लोग संत कबीर को भगवान के रूप में पूजते हैं। संत कबीर दास समाज में फैले आडम्बरों के सख्त विरोधी थे। उन्होंने लोगों को एकता के सूत्र का पाठ पढ़ाया। वे लेखक और कवि थे। उनके दोहे इंसान को जीवन की नई प्रेरणा देते थे। कबीर ने जिस भाषा में लिखा वह लोक प्रचलित तथा सरल भाषा थी। उन्होंने कहीं से विधिवत शिक्षा नहीं ग्रहण की थी। इसके बावजूद वे दिव्य प्रभाव के धनी थे।

कबीर मानव मात्र को एक मानते थे। वे जात-पांत, कुल-वंश, रक्त, नस्ल के आधार पर मनुष्य में अंतर करने के विरुद्ध थे। उनका विचार था कि सभी कुदरत के बन्दे हैं। कबीरदास आडम्बर, मिथ्याचार एवं कर्मकाण्ड के विरोधी थे। कबीर की भाषाएं पंचमेल खिचड़ी हैं। इनकी भाषा में हिंदी भाषा की सभी बोलियों की भाषा सम्मिलित हैं। राजस्थानी, हरयाणवी, पंजाबी, खड़ी बोली, अवधी, ब्रजभाषा के शब्दों की बहुलता है। कबीर मौखिक परंपरा के कवि थे। उन्होंने स्वयं ग्रंथ नहीं लिखे। उनके उपदेशों को बीजक में उनके अनुयायियों द्वारा संरक्षित किया गया था। कबीर दास एक ही ईश्वर को मानते थे और कर्मकाण्ड के घोर विरोधी थे।

कबीर के गुरु के सम्बन्ध में प्रचलित कथन है कि कबीर को उपयुक्त गुरु की तलाश थी। वह वैष्णव संत आचार्य रामानंद को अपना अपना गुरु बनाना चाहते थे। लेकिन उन्होंने कबीर को शिष्य बनाने से मना कर दिया था। लेकिन कबीर ने अपने मन में ठान लिया कि स्वामी रामानंद को ही हर कीमत पर अपना गुरु बनाऊंगा। इसके लिए कबीर के मन में एक विचार आया कि स्वामी रामानंद जी सुबह चार बजे गंगा स्नान करने जाते हैं। उसके पहले ही उनके जाने के मार्ग में सीढियों पर लेट जाऊंगा और उन्होंने ऐसा ही किया। एक दिन कबीर पंचगंगा घाट की सीढियों पर लेट गये। रामानन्द जी गंगास्नान करने के लिये सीढियां उतर रहे थे कि तभी उनका पैर कबीर के शरीर पर पड़ गया। उनके मुख से तत्काल राम-राम शब्द निकल पड़ा। उसी राम को कबीर ने दीक्षा-मन्त्र मान लिया और रामानन्द जी को अपना गुरु स्वीकार कर लिया। कबीरदास



समाज के इतने बेबाक, साफ मन के कवि हुये जो समाज को स्वर्ग और नर्क के मिथ्या भ्रम से बाहर निकालते हैं। कबीरदास को हिन्दू और मुस्लिम दोनों ही संप्रदायों में बराबर का सम्मान प्राप्त था। दोनों संप्रदाय के लोग उनके अनुयायी थे। यही कारण था कि उनकी मृत्यु के बाद उनके शव को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। हिन्दू कहते थे कि उनका अंतिम संस्कार हिन्दू रीति से होना चाहिए और मुस्लिम कहते थे कि मुस्लिम रीति से। किंतु इसी छीना-झपटी में जब उनके शव पर से चादर हट गई, तब लोगों ने वहां फूलों का ढेर पड़ा देखा। यह कबीरजी की ओर से दिया गया बड़ा ही सशक्त संदेश था कि इंसान को फूलों की तरह होना चाहिए।

जीविकोपार्जन के लिए कबीर जुलाहे का काम करते थे। कबीर की दृढ़ मान्यता थी कि कर्मों के अनुसार ही गति मिलती है स्थान विशेष के कारण नहीं। अपनी इस मान्यता को सिद्ध करने के लिए अंत समय में वह मगहर चले गए। क्योंकि लोगों में मान्यता थी कि काशी में मरने पर स्वर्ग और मगहर में मरने पर नरक मिलता है। मगहर में उन्होंने अंतिम साँस ली। आज भी वहां उनकी मजार व समाधी स्थित है। संत कबीरदास वाराणसी में पैदा हुए और लगभग पूरा जीवन उन्होंने वाराणसी यानी काशी में ही बिताया था। जीवन के आखिरी समय वो मगहर चले आए और अब से पांच सौ साल पहले वर्ष 1518 में यहीं उनकी मृत्यु हुई। कबीर स्वेच्छा से मगहर आए थे और इसी किंवदंती या अंधविश्वास को तोडना चाहते थे कि काशी में मोक्ष मिलता है और मगहर में नरक।

वास्तव में कबीर केवल कवि नहीं, बल्कि कुशल शिल्पकार, सुयोग्य अभिभावक एवं शिक्षक के साथ जीवन की वास्तविकता एवं सत्यता का मार्ग दिखाने वाले आध्यात्मिक महापुरुष थे। संत कबीर दास भक्ति आंदोलन के समर्थक थे। कबीर दास की विरासत अभी भी कबीर पंथ के रूप में संदर्भित एक संप्रदाय के माध्यम से बनी हुई है। एक आध्यात्मिक समुदाय जो उन्हें संस्थापक मानता है। कबीर पंथ एक अलग धर्म नहीं है बल्कि एक आध्यात्मिक दर्शन है।

कबीर अपनी कविताओं में स्वयं को जुलाहा और कोरी कहते हैं। उन्होंने व्यक्ति के सुधार पर इसलिए बल दिया क्योंकि व्यक्तियों से ही समाज बनता है। वे चाहते थे कि हिंदू और मुसलमान में जो विडंबना है उसे खत्म कर उनमें भाईचारे की भावना उत्पन्न कर सके। वो साधु या ढोंगी और अंधविश्वासों को भी समाप्त करना चाहते थे। इसीलिये उनको आज भी समाज सुधारक के रूप में याद किया जाता है। हिन्दू-मुस्लिम एकता के प्रतीक के तौर पर याद किए जाने वाले संत कवि कबीर धार्मिक सामंजस्य और भाई-चारे की जो विरासत छोडकर गए हैं। उसे इस मगहर में जीवंत रूप में देखा जा सकता है। मगहर देश भर में फैले कबीरपंथियों की आस्था का मुख्य केंद्र है। दुनिया भर में कबीर के करोड़ों अनुयायी हैं। उन्होंने जाति व्यवस्था, मूर्ति पूजा और तीर्थ यात्रा को अस्वीकार कर दिया। कबीर ने दोहों के नाम से जाने जाने वाले सरल दोहों के माध्यम से उपदेश दिया। कबीर दास ने अपनी भाषा सरल और सुबोध रखी ताकि वह आम आदमी तक पहुंच सके। कबीर को शांतिमय जीवन प्रिय था और वे अहिंसा, सत्य, सदाचार आदि गुणों के प्रशंसक थे। अपनी सरलता, साधु स्वभाव तथा संत प्रवृत्ति के कारण आज विदेशों में भी लोग उनके बताये मार्ग का अनुशरण कर रहे हैं।

## हादसा

# एक ही स्थान पर तीन ट्रेनों का एक्सीडेंट सैकड़ों की मौत



लेखक- सनत जैन

इसी दौरान दूसरी ओर से शालीमार चेन्नई कोरोमंडल एक्सप्रेस, दूसरे ट्रैक में गिरे हुए डिब्बों से टकराई। यह एक्सीडेंट इतना भयानक था। यात्री ट्रेन का इंजन ओर कुछ डिब्बे बगल में खड़ी मालगाड़ी की बोगियों से टकराए । एक साथ तीन ट्रेनों के एक्सीडेंट के कारण दोनों यात्री ट्रेनों में हजारों की संख्या में यात्री सवार थे। वह बुरी तरह घायल हो गए। इस एक्सीडेंट में जो यात्री घायल हुए हैं, उनमें कई यात्रियों के हाथ पैर कट गए। 300 से ज्यादा यात्री लापता बताए जा रहे हैं। दोनों ट्रेन की दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी। बचाव कार्य करने जो दल गया, उसे काफी मेहनत करना पड़ी। देर रात तक लगातार बचाव कार्य चल रहा था। मृतकों और घायलों की सही संख्या की जानकारी रेलवे प्रशासन नहीं दे पाया। ट्रेन के डिब्बे कैसे दूसरे ट्रैक में जाकर गिर गए। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है, कि रेलवे द्वारा ट्रेन संचालन में किस हद तक की लापरवाही बरती जा रही है। जिस तरह ट्रेनों की गति बढ़ाई जा रही है। उस को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने मे रेलवे घोर लापरवाही बरत रहा है। जिसके कारण लगातार रेल हादसों की संख्या बढ़ती जा रही है। 9 साल में 8 बड़े ट्रेन हादसे हुए हैं। जिनमें अधिकृत रूप से 400 से अधिक यात्रियों की मौत हुई है। 20 नवंबर 2016 को इंदौर राजेंद्र नगर ट्रेन हादसे में 152 से ज्यादा यात्रियों की मौत हुई थी। यह शुरुआती आंकड़े हैं, घटना के बाद बताए जाते हैं। घायलों और मृतकों की संख्या उससे कई गुना ज्यादा होती है। आए दिन ट्रेन हादसे बढ़ रहे हैं। इसमें कर्मचारियों और अधिकारियों की लापरवाही के साथ-साथ, टेक्नोलॉजी पर ज्यादा भरोसा करने के कारण, अनदेखी की जा रही है। उसके कारण रेलवे का सफर जोखिम भरा होता जा रहा है। बालासोर में हुआ ट्रेन हादसा इसलिए भी भयानक है, कि एक ही स्थान पर तीन ट्रेनों का एक्सीडेंट हुआ। इसमें 2 यात्री ट्रेन थी। इसके कई कोच चलती ट्रेन से टूटकर दूसरे ट्रैक पर गिरे। किसी भी दूसरे ट्रैक से आ रही गाड़ी भी दुर्घटनाग्रस्त हुई। दोनों ट्रेनों के कोच बुरी तरह से तबाह हुये। शाम को हुई दो ट्रेनों की भयानक दुर्घटना के बचाव कार्य में काफी विलंब हुआ। यात्री घंटों रोते बिलखते तड़पते रहे। रेल प्रशासन और स्थानीय प्रशासन के बीच में समन्वय नहीं होने के कारण विलंब हुआ। कई घायलों की इलाज मिलने के पहले ही मौत हो गई। रेलवे,जिस तरह से आधुनिकीकरण खूब बढ़ावा दे रहा है। ट्रेनों की गतिशीलता बढ़ा रहा है। उसके साथ यात्रियों की सुरक्षा और रेल आवागमन सुरक्षित हो। इस दिशा में प्रयास तो किए जाते हैं। लेकिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय नहीं किए जाने के कारण, रेलवे में लापरवाही लगातार बढ़ती ही जा रही है। रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी तकनीकी के ऊपर आश्रित होकर गैर जिम्मेदार होने लगे हैं। जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। ट्रिपल ट्रेन हादसा जो हुआ है। ऐसी घटनाएं शायद ही कभी देखने को मिलती हैं। इस ट्रेन हादसे में यात्री ट्रेन का एक इंजन मालगाड़ी के बोगी के ऊपर चढ़ गया। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है, कि एक ही स्थान पर 3 ट्रेनों के बीच हादसा हुआ। सैकड़ों यात्रियों को अपनी जान गंवानी पड़ी। इसके जिम्मेदार दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों और घटना के वास्तविक कारण कभी उजागर नहीं होंगे। सब एक दूसरे को बचाने पर लगे रहेंगे। पिछली घटनाओं के बाद जब रिपोर्ट प्रकाशित होती है। उससे यही साबित होता है, कि अपना पल्ला झाड़ने के लिए एक दूसरे के ऊपर जिम्मेदारी डालकर बचने का प्रयास करते हैं। ऐसी जांच का कोई मतलब भी नहीं होता है। पिछले वर्षों में रेलवे द्वारा नई नई ट्रेनें शुरू की जा रही हैं। 120 किलोमीटर से लेकर 180 किलोमीटर तक की रफ्तार में चलने वाली ट्रेन के ट्रैक में जैसा सुधार होना चाहिए था। वैसा नहीं हुआ है। उसके बाद भी रेलवे अधा धुंध कमाई करने के लिए नई-नई फास्ट ट्रेन चला रहा है। रेलवे के पास पर्याप्त अधिकारी और कर्मचारी नहीं है। पिछले कई वर्षों रेलवे में भर्तियां नहीं हुई हैं। एक -एक कर्मचारी को चार चार लोगों का काम करना पड़ रहा है। रेलवे में जितनी अव्यवस्था अभी देखने को मिल रही है। इसके पहले कभी नहीं थी। रेलवे में ट्रेनों की संख्या बढ़ रही है। यात्रियों की संख्या कई गुना बढ़ गई। लेकिन रेलवे में कर्मचारियों की संख्या लगातार घटाई जा रही है। यह रेलवे का कौन सा गणित है,यह तो भगवान ही जानता होगा।



उड़ीसा के बालासोर जिले के बहानागा बाजार रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार की शाम को भीषण ट्रेन हादसा हुआ। इसमें 280 लोगों के मरने की पुष्टि हो चुकी है। सैकड़ों लोगों के मरने की आशंका जताई जा रही है। 900 से ज्यादा घायलों को विभिन्न अस्पतालों में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। दोनों ट्रेनों में हजारों यात्री थे। यह हादसा बेंगलुरु से हावड़ा जा रही यशवंतपुर हावड़ा ट्रेन के डिब्बे उतरकर,दूसरे ट्रैक पर गिरे।

## सुविचार

**कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।**

**- हरिवंश राय बच्चन**

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज भाग्य का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आर्थिक मामलों में सफलता प्राप्त होगी। कार्यक्षेत्र में आपका सकारात्मक रवैया सब का मन लुभाया। |
| वृष | कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। कामकाज के सिलसिले में यात्रा कर सकते हैं। व्यापारिक मामलों में गतिरोध पैदा हो सकता है। |
| मिथुन | आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है जिससे तनाव उभर सकता है धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता प्राप्त होगी। |
| कर्क | आज का दिन बेहतर साबित होगा। सभी सोचते हुए करें आसानी से पूरे हो जाएंगे। मन प्रसन्न रहेगा। दोस्तों के साथ घूमने फिरने का कार्यक्रम बन सकता है। |
| सिंह | आज का दिन आपके लिए भाग्यशाली रहेगा बहुत समय से अटका कोई कार्य पूर्ण होगा। कार्यक्षेत्र में जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें पूंजी निवेश सोच समझकर करें। |
| कन्या | कार्यक्षेत्र में एक के बाद एक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा कार्य की अधिकता के कारण मानसिक तनाव हो सकता है। आर्थिक मामले अटक सकते हैं। |
| तुला | आज का दिन बढ़िया रहेगा। आज आपका किसी भी तरह की कोई उलझन या परेशानी से सामना नहीं होगा। आज का दिन शांतिपूर्वक बीतेगा। |
| वृश्चिक | आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यालय में लंबित कार्यों को निपटाने में अधिकतर समय जाएगा। आर्थिक पक्ष को लेकर चिंतित रह सकते हैं। |
| धनु | आज आप शारीरिक थकान का अनुभव कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कार्य की अधिकता व चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। |
| मकर | मानसिक एवं शारीरिक रूप से ऊर्जावान रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आ रही परेशानियों से निजात मिलेंगी सभी कार्य आसानी से निपट जाएंगे। |
| कुंभ | कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य बनी रहेंगी। मन परेशान रह सकता है। पैसों के लेनदेन को लेकर सावधानी बरतें बिना सोचे समझे पैसा उधार देने से बचें। |
| मीन | आर्थिक समस्याओं से सामना हो सकता है। किसी भी बड़ी योजना में पूंजी निवेश करने से पहले सोच विचार करें अन्यथा बाद में नुकसान उठाना पड़ सकता है। |

# लैंड सर्वेयर कैसे बनें



लेखक- विजय गर्ग

लैंड सर्वेयर वह पेशेवर होता है जो मानचित्र बनाने और अन्य सरकारी उद्देश्यों के लिए भूमि के बारे में सटीक अनुमान लगाने के लिए भूमि के निर्दिष्ट टुकड़े के कोण, दूरी और बहुआयामी बिंदुओं जैसे स्थलीय पदों का अनुमान लगाने के लिए जिम्मेदार होता है। पेशेवर भूमि सर्वेक्षक द्वारा तैयार की गई सर्वेक्षण रिपोर्ट का उपयोग भूमि पट्टों, विलेखों और विभिन्न कानूनी दस्तावेजों के लिए भूमि के विवरण के लिए किया जाता है। उनके कार्य विवरण में सर्वेक्षण की जा रही भूमि के स्थान, समोच्च, आकार, आयाम और ऊंचाई के बारे में जानकारी प्रदान करना भी शामिल है। सरकारी क्षेत्र में सीमित अवसरों के क्षेत्र से लेकर हाल के दिनों में अपार अवसरों के क्षेत्र तक, सैकड़ों बुनियादी ढांचे और भूमि विकास कंपनियों की बदौलत लैंड सर्वेयर का दायरा कई गुना बढ़ गया है। शहरीकरण में वृद्धि ने विभिन्न ढांचागत और आवास विकास गतिविधियों के लिए भूमि के अधिग्रहण को आवश्यक बना दिया है जिससे प्रमाणित भूमि सर्वेक्षक के लिए नौकरी के अवसर पैदा हो गए हैं क्योंकि ये ऐसे पेशेवर हैं जो इन परियोजनाओं के लिए उपयोग किए जाने वाले भूमि के अर्क का सर्वेक्षण करके ऐसी परियोजनाओं की व्यवहार्यता का विश्लेषण करने के लिए उपयुक्त हैं। विकासात्मक गतिविधियाँ। निकट भविष्य में अवसंरचनात्मक विकास गतिविधियों की निरंतर वृद्धि को देखते हुए लैंड सर्वेयर को करियर के रूप में अपनाना सही निर्णय हो सकता है। एक अत्यधिक तकनीकी क्षेत्र होने के नाते भूमि सर्वेक्षणकर्ता को प्रमाणन प्राप्त करने से पहले सख्त शैक्षिक, परीक्षण और कार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए। इसलिए एक पेशेवर लैंड सर्वेयर बनने के लिए व्यक्ति को मेहनती और प्रतिबद्ध और उपयुक्त रूप से योग्य होना चाहिए। भूमि सर्वेक्षक पात्रता शैक्षणिक योग्यता भूमि सर्वेक्षणकर्ता बनने के लिए, न्यूनतम आवश्यक योग्यता 10 वीं कक्षा है जिसके बाद भूमि सर्वेक्षण में डिप्लोमा / प्रमाणन पाठ्यक्रम है। भूमि सर्वेक्षक आवश्यक कौशल भूमि सर्वेक्षणकर्ताओं के पास गणित और कंप्यूटर के लिए एक मजबूत योग्यता होनी चाहिए; वस्तुओं, दूरियों और आकारों की कल्पना करने की क्षमता; सटीक इलेक्ट्रॉनिक सर्वेक्षण उपकरणों के साथ बाहर काम करने की क्षमता। उनके पास मजबूत विश्लेषणात्मक और संगठनात्मक कौशल हैं; जबरदस्त कामकाजी धैर्य और विस्तार पर ध्यान; टीम के माहौल में प्रभावी ढंग से काम करने की क्षमता। उनके पास अच्छा संचार कौशल होना चाहिए; सटीक और सटीक तरीके से उपकरण और उपकरणों का उपयोग करने में सक्षम। उन्हें स्वास्थ्य और सुरक्षा का ज्ञान होना चाहिए; मजबूत संचार, बातचीत और प्रस्तुति कौशल; प्रभावी ढंग से प्राथमिकता देने और योजना बनाने की क्षमता; एक टीम के हिस्से के रूप में काम करने की क्षमता। लैंड सर्वेयर कैसे बनें? कुछ दशक पहले लैंड सर्वेयर बनने के लिए औपचारिक प्रशिक्षण की जरूरत नहीं होती थी। एक चालक दल के सदस्य के रूप में एक सर्वेक्षण दल में शामिल होना और नौकरी का अनुभव प्राप्त करना ही एक लाइसेंस प्राप्त सर्वेक्षक बनने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों को करना है। प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग और अत्याधुनिक विकास ने इसे अत्यधिक तकनीकी क्षेत्र बना दिया है जिसके लिए उत्कृष्ट औपचारिक शिक्षा और प्रमाणन की आवश्यकता है। इस प्रकार आपको एक उच्च योग्य और प्रमाणित भूमि सर्वेक्षणकर्ता बनने के लिए किसी अच्छे संस्थान से संबंधित क्षेत्र में डिग्री प्राप्त करनी होगी। सर्वेयर बनने के लिए उम्मीदवारों के लिए आवश्यक बुनियादी योग्यता सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री है।

## भलाई का भाव होता है यज्ञ




अध्यात्म

**एक भाव होता है मेरा दूसरा है मेरे लिए और तीसरा है सबके लिए। मेरा में इंसान केवल अपने बारे में ही सोचता रहता है और ये पक्का कर लेता है कि मेरे पास जो है, वो केवल मेरा है, मैंने कमाया है, मुझे मिला है और इस पर केवल मेरा ही अधिकार है। यह सोच अज्ञानी लोगों की होती है, जो हमारे अहंकार को बनाये रखती है। मेरे लिए अर्थात इंसान सोचता है कि जो भी मेरे पास है, ये मेरा नहीं बल्कि मेरे लिए है। इसका स्वामी मैं नहीं बल्कि ये सब मुझे इस्तेमाल करने के लिए मिला है। वो इसी भाव को मन में रखता है। यह सोच मध्यम दर्जे के लोगों की होती हैं। तीसरा भाव है सबके लिए मतलब जो मेरे पास है, वो मेरा ही नहीं और मेरे लिए नहीं, बल्कि सबके लिए है। यह विचार उत्तम दर्जे के इंसानों का होता हैं। इसी को यज्ञ कहा जाता है। जब मन में सबकी भलाई का भाव हो वही यज्ञ है। जो सबका ध्यान रखकर बाद में अपना सोचता है वही श्रेष्ठ इंसान है। इस तरह का यज्ञ अहंकार को गला देता है। ऐसी भावना के साथ साधना करने वाला ब्रह्म को पा लेता है। जो मनुष्य केवल मेरा-मेरा में ही फंसा रहता है, वो ना तो इस जन्म में सुख पाता न ही मरने के बाद परलोक में।**

## कार्टून



# कांग्रेस की तरफ से सुंदरकांड का पाठ करेंगे कथावाचक



**भोपाल नप्र।** कांग्रेस के साफ्ट हिंदुत्व की चर्चा सबसे पहले मध्य प्रदेश से ही शुरू हुई थी। बजरंग बली की आराधना और हनुमान चालीसा का पाठ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ करते-कराते रहे हैं। अब विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की तरफ से ख्यात कथावाचक विधानसभा क्षेत्रों में सुंदरकांड का पाठ करेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पहली बार प्रदेश में धर्म उत्सव प्रकोष्ठ का गठन किया है जिसमें साधु, संतों और कथावाचकों को प्रकोष्ठ का पदाधिकारी बनाया गया है। इसके बैनर तले धार्मिक अनुष्ठान कराए जाएंगे। इनमें सिर्फ धर्म की बात होगी। कर्नाटक चुनाव में बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के मामले में जब राजनीति तेज हुई तो मप्र में युवा कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में हनुमान चालीसा का पाठ करवाया। अब संगठन का धर्म एवं उत्सव प्रकोष्ठ सभी विधानसभा क्षेत्रों में सुदरकांड का पाठ कराने जा रहा है। इसके लिए प्रकोष्ठ ने अपनी जिला इकाइयों को निर्देश भी दिए हैं। संगठन की अध्यक्ष ऋचा गोस्वामी का कहना है कि कांग्रेस का प्रकोष्ठ जरूर है पर इसमें राजनीति जैसी कोई बात नहीं है। हमारा काम वोट मांगना नहीं है और न ही हम मांगेंगे। हम राजनीति से जुड़ा कोई संकल्प भी नहीं दिलाते हैं। यह तो अनुष्ठान है और पहले भी रासलीला, भागवत कथा और रूद्राभिषेक कर चुके हैं। पांच जून से भोपाल दक्षिण-पश्चिम के विधायक पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, तुलसी नगर में भागवत कथा करा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ से सुंदरकांड के पाठ के आयोजन को लेकर चर्चा हुई थी। उन्होंने निर्णय हम पर छोड़ा था। हमने संगठन में चर्चा के बाद कार्यक्रम निर्धारित किए हैं। मोर्चा-प्रकोष्ठों के प्रभारी उपाध्यक्ष जेपी धनोपिया का कहना है कि कांग्रेस कभी धर्म और धार्मिक मामलों को राजनीति के बीच में नहीं लाती है।

## कांग्रेस करने लगी है धार्मिक अनुष्ठान

बता दें कि कांग्रेस पिछले कुछ समय से अवसर विशेष पर धार्मिक आयोजन करने लगी है। हनुमान जयंती पर हुनमान चालीसा करने के साथ अन्य आयोजन किए जा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मां दुर्गा और गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना हाल के कुछ वर्षों से की जा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने जब छिंदवाड़ा जिले से नारी सम्मान योजना के अंतर्गत आवेदन पत्र भरवाने की शुरुआत की तो उसके पहले सुंदरकांड का पाठ किया गया। भाजपा के प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल का कहना है कि कांग्रेस का नेतृत्व लगातार मुस्लिम तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति करता आ रहा है। हाल ही में राहुल गांधी ने जिस तरह मुस्लिमों को लेकर विदेश की धरती पर टिप्पणी की है, वह कांग्रेस का पोल खोलती है। ये चुनावी हिंदू बनने का स्वांग रच रहे हैं। हिंदू इनके भुलावे में नहीं आएगा। हनुमान चालीसा का पाठ और हनुमान भक्तों के साथ भेदभाव और तिरस्कार एक साथ नहीं चल सकता है।

# गायों के लिए एक रुपये भी दान नहीं किया माननीयों ने

### दानदाताओं से एक वर्ष में छह लाख रुपये

**भोपाल नप्र।** गायों के भोजन के लिए हमारे प्रदेश के माननीयों ने एक साल में एक रुपया भी नहीं दिया है। गोपालन एवं पशुधन संवर्धन बोर्ड ने सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधियों समेत आम लोगों से गोग्रास के प्रतिदिन 10 रुपये दान करने का आग्रह किया था। बोर्ड की अपील का असर हुआ और आम लोगों ने एक वर्ष में छह लाख रुपये दान में मिले, लेकिन किसी विधायक या सांसद ने एक रुपये भी दान नहीं किया।

गोशालाओं की दुर्दशा को लेकर दोनों पार्टियां भाजपा और कांग्रेस एक-दूसरे को कोसती रहती हैं, लेकिन वास्तविकता में गोवंश के प्रति दोनों दलों के नेता कितने संवेदनशील हैं यह सामने आ गया है। बता दें कि गोशालाओं को सरकार की तरफ से प्रतिदिन प्रति गाय सिर्फ 20 रुपये भोजन और अन्य खर्च के लिए दिया जाता है, जो बहुत कम है। उत्तर प्रदेश में यह राशि 30 रुपये है। प्रदेश में एक हजार 762 गोशालाएं हैं। गोवंश की कुल संख्या दो लाख 87 हजार है। गोपालन एवं पशुधन संवर्धन बोर्ड की कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद गिरी ने पिछले वर्ष चैत्र प्रतिपदा से गोग्रास के लिए हर व्यक्ति से प्रतिदिन 10 रुपये दान करने का आह्वान किया था। इसके पीछे उनका तर्क यह था कि पहले लोग भोजन के पूर्व गाय के लिए एक रोटी निकालते थे।अब शहरों में रोटी खिलाने के लिए गाय नहीं मिल पातीं, इस कारण प्रति रोटी 10 रुपये के मान से दान करें तो एक वर्ष में तीन हजार 650 रुपये एकत्र हो जाएंगे। उन्होंने सभी विधायकों और सांसदों को प्रतिदिन 10 रुपये दान करने या फिर वर्ष में एक दिन का वेतन दान करने के लिए पत्र भी लिखा था। इसके बाद भी किसी ने गोपालन एवं पशुधन संवर्धन बोर्ड के खाते में एक रुपये भी दान नहीं किया है।



## विश्व साइकिल दिवस पर निकाली रैली

भोपाल। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर भोपाल बाईसाइकिल राइडर्स ग्रुप एवं टीम साइकिल वर्ल्ड, एमपी नगर के तत्वावधान में शहर के उत्साही साइकिल चालकों ने रैली में भाग लिया। रैली को टीम साइकिल वर्ल्ड, एमपी नगर के श्री विदित गुप्ता द्वारा रवाना किया गया। शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए रैली मैट्रो प्लाज़ा, बिट्टन मार्केट पर समाप्त हुई। समापन पर शहर के वरिष्ठ साइक्लिस्ट का सम्मान किया गया। लकी ड्रॉ कराया गया। एवरेस्ट विजेता श्री भगवान सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए और साइक्लिंग के फायदे पर प्रकाश डाला। श्रीमति रशीदा रियाज़ ने भोपाल बाईसाइकिल राइडर्स ग्रुप के निर्माण में श्री मनीष भदौरिया जी के योगदान को याद किया। वर्तमान में इस ग्रुप में लगभग 336 सदस्य हैं और सोशल मीडिया को मिलकर 1500 मेंबर्स बन चुके है। जिसमें नवोदित एवं अनुभवी साइक्लिस्ट शामिल हैं। टीम साइकिल वर्ल्ड के श्री विदित गुप्ता ने पुरस्कार वितरण किया।

## संक्षिप्त समाचार

### बीयू कर्मचारियों का आंदोलन खत्म, करीब 12 हजार कर्मचारियों ने कर दिया था काम बंद

**भोपाल नप्र।** अपनी मांगों को लेकर प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों सहित बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय (बीयू) कर्मचारियों ने करीब 19 दिन से काम करना बंद कर दिया था। प्रशासन से आश्वासन मिलने के बाद कर्मचारियों का आंदोलन खत्म हो गया है। शुक्रवार को सभी विश्वविद्यालय के कर्मचारी क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठ गए थे। यह आंदोलन मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वावधान में किए जा रहे थे।इसके बाद संघर्ष समिति के पदाधिकारी प्रोफेसर कालिका यादव, डा. बी भारती अधिकारी महासंघ के अध्यक्ष डाक्टर एलएस सोलंकी, एवं सचिव लखन सिंह परमार को अपर मुख्य सचिव (एसीएस) केसी गुप्ता के साथ चर्चा के लिए शाम चार बजे बुलाया गया था।करीब एक घंटे तक सभी बिंदुओं पर चर्चा के बाद कर्मचारियों की मुख्य मांगों पर सहमति जताई गई। इसमें विश्वविद्यालय पेंशनर्स को सातवें वेतनमान में पेंशन के अतिरिक्त अन्य विश्वविद्यालय से संबंधित मांगों पर विचार किया गया।इस दौरान एसीएस ने लिखित में आश्वासन देकर मांगों का निराकरण करने पर सहमति जताई।इसके बाद कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया।सातवें वेतनमान से राज्य सरकार के कर्मचारियों की समान मंत्री परिषद से निर्णय के बाद अगले तीन माह में कार्यवाही की जाएगी। छठवें वेतनमान के समान पेंशन पर वर्तमान में चल रही महंगाई भता के साथ भुगतान जून से पेंशन का आदेश जारी किया जाएगा। - श्रम साध्य भत्ते पर समन्वय समिति में हुए निर्णय पर विश्वविद्यालय से प्रस्ताव प्राप्त होने पर प्रकरण समन्वय समिति में पुनः विचार के लिए रखा जाएगा।अन्य मांगों पर भी सहमति दी है और विश्वविद्यालय को दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

### एजेंट से हुई 20 लाख की लूट के मामले में दो गिरफ्तार, 12 लाख रुपये बरामद

**भोपाल नप्र।** राजधानी में बीत दिनों गुजरात के कारोबारी के एजेंट से हुई 20 लाख की लूट का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। मामले में हैदराबाद के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 12 लाख रुपये बरामद कर लिए गए हैं। इस मामले में चार आरोपितों की तलाश की जा रही है। डीसीपी जोन-एक, साईं कृष्ण थोटा के मुताबिक छत्रसाल नगर निवासी किशन पटेल गुजरात के कारोबारी पोपटलाल के लिए रुपये कलेक्शन का काम करता है। पोपटलाल को ईदगाह हिल्स निवासी अजीत परमानी से 10 लाख रुपये लेना था। 17 मई की दोपहर में किशन के पास नीलेश नाम के व्यक्ति का फोन आया। उसने अजीत का परिचय देते हुए किशन को तीन घंटे बाद रुपये लेने के लिए लोकेशन भेजने की बात कही। शाम छह बजे नीलेश ने 1100 क्वार्टर के हनुमान मंदिर के पास की लोकेशन भेजी। किशन मौके पर पहुंचा, तो तेलंगाना के रजिस्ट्रेशन वाली कार में उसे नीलेश मिला। किशन स्कूटर खड़ी कर रुपये लेने के लिए कार में बैठ गया। इस दौरान अचानक वहां पांच युवक पहुंचे और खुद को पुलिसवाला बताते हुए नीलेश का बैग छीन लिया। बैग में कलेक्शन के 20 लाख रुपये रखे थे। लूट करने के बाद कार से सभी छह युवक फरार हो गए थे। व्यापारी पोपटलाल ने 30 मई को घटना की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई थी। नंबर के आधार पर पुलिस ने कार का पता लगाना शुरू किया, तो शुक्रवार को सोनकच्छ टोल प्लाजा के पास कार की लोकेशन मिली। घेराबंदी कर कार को रोका गया। कार सवार हैदराबाद निवासी बत्तुला महेश और चिन्नम कृष्णा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उन्होंने 20 लाख की लूट करना कुबूल कर लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### 100 किलो अफीम और 1269.10 किलो डोडाचूरा जब्त

**भोपाल नप्र।** घर में छिपाकर रखी गई 100 किलो अफीम और 1269.10 किलो डोडाचूरा सेंट्रल ब्यूरो आफ नारकोटिक्स (सीबीएन) नीमच ने जब्त किया है। सीबीएन ने यह बडी कार्रवाई मध्य प्रदेश और राजस्थान की सीमा के एक गांव में की है। मामले में सेंट्रल ब्यूरो आफ नारकोटिक्स ने कार्रवाई में आरोपित का नाम सार्वजनिक नहीं किया है। सीबीएन के अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम बंगेरा घाटा पुलिस थाना कनेरा तहसील निम्बाहेड़ा का एक निवासी मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त है और अपने निवास पर अवैध अफीम छिपाकर रख रहा है। साथ ही अवैध डोडाचूरा को पिकअप में लोड कर रहा है। इस पर सीबीएन कोटा और चित्तौड़गढ़ के अधिकारियों की टीमों का गठन कर गुरुवार सुबह रवाना किया गया। संयुक्त टीम ने उक्त ग्राम में संदिग्ध घर और गोदाम की गहन तलाशी ली। इससे अफीम के 43 पालीथीन बैग बरामद हुए। घर में 100.10 किलो अफीम और 63 काले प्लास्टिक के बैग में 1269.10 किलो डोडाचूरा जब्त किया गया। दो लाख 50 हजार 200 रुपये नकद भी जब्त किए गए। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### भोपाल का नाम भोजपाल कर देना चाहिएः मुंतशिर

**भोपाल नप्र।** भोपाल का नाम बदल कर भोजपाल कर देना चाहिए। हमारा अपना भोपाल भोजपाल के नाम से जाना-पहचाना जाए। यह कहना है मशहूर गीतकार मनोज मुंतशिर का। वे यहां कल गौरव दिवस के आयोजन में भाग लेने आए थे। इस बारे में लोगों की राय है कि जब हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नाम रानी कमलापति रेलवे स्टेशन हो सकता है। इस्लाम नगर का नाम जगदीश पुर किया जा सकता है तो फिर भोपाल का नाम बदलकर राजा भोज के नाम से भोजपाल क्यों नहीं हो सकता? कुछ ऐसी मांगें फिर से मंचों से उठने लगी हैं।कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से गीतकार मुंतशिर ने कहा कि मप्र में कई नाम बदले गए हैं। भोपाल का भी नाम बदला जाए। गीतकार मनोज मुंतशिर के बाद चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में गीतकार मुंतशिर की मांग का समर्थन किया है। मंत्री सारंग ने कहा कि मैं पहले ही यह मांग कर चुका हूं। भोपाल का नाम बदल कर भोजपाल किया जाए। कांग्रेस की सरकार ने प्रस्ताव निरस्त कर दिया था। इधर पूर्व विधानसभा के सामयिक अध्यक्ष व हुजूर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि भोपाल का नाम भोजपाल जरूर किया जाए। होशंगाबाद का नर्मदापुरम, हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नाम रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, इस्लाम नगर का नाम जगदीशपुर हुआ तो भोपाल का भी नाम बदला जा सकता है। कागजों पर नाम बदलने के साथ ही जनमानस को बदला हुआ व्यवहार में लाना भी जरूरी है।

# प्रियंका से पहले शिवराज की सभा में उमड़ेगी महिलाओं की भीड़, चुनाव के चलते महाकौशल की 38 सीटों पर नजर





**भोपाल नप्र।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर नेताओं के दौरे शुरू हो गए हैं। इस महीने कांग्रेस नेताओं से लेकर प्रधानमत्री नरेन्द्र मोदी की प्रदेश में सभाएं हो सकती हैं। महाकौशल क्षेत्र के जबलपुर में कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी की 12 जून को बड़ी सभा होने जा रही है। जिसमें महाकौशल क्षेत्र के जिलों से महिलाओं की बड़ी संख्या में भीड़ जुटाई जाएगी। इससे पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 10 जून को जबलपुर में लाड़ली बहना योजना के तहत बड़ा आयोजन करने जा रहे हैं। इस दिन जबलपुर में योजना का राज्य स्तरीय आयोजन होगा और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश की पात्र महिलाओं के खातों में लाड़ली बहना योजना के तहत पैसा डालेंगे। प्रदेश सरकार 10 जून को लाड़ली बहना योजना के तहत 1.25 करोड़ महिलाओं के बैंक खातों में एक-एक हजार रुपए की राशि डालने जा रही है। देश में महिला सशक्तिकरण के लिए इस दिन को ऐतिहासिक बनाने के लिए राज्य सरकार पूरी तैयारी में जुटी है। जबलपुर में मुख्य समारोह में तैयारी शुरू हो गई है। इस समारोह में जबलपुर संभाग के सभी जिलों से करीब दो से तीन लाख महिला हितग्राहियों के पहुंचने की संभावना है। जबकि जिलों में होने वाले आयोजनों में भी महिलाओं की अच्छी खासी संख्या पहुंचेगी। प्रदेश भर में 10 जून को होने वाले आयोजनों को लेकर तैयारियों चल रही हैं। राज्य शासन इसकी नियमित समीक्षा में जुटी है।

### महिलाओं को सीधे लाभ पहुंचाने वाली देश की पहली योजना

महिलाओं से जुड़ी केंद्र एवं राज्य सरकारों की कई योजनाएं संचालित हो रही है। लेकिन लाड़ली बहना योजना महिलाओं को सीधे आर्थिक लाभ पहुंचाने वाली देश की पहली बड़ी योजना है। जिसके जरिए महिलाओं को हर महीने 1-1 हजार रुपए मिलेंगे। 10 जून को लाड़ली बहना योजना लागू होने के बाद प्रदेश में किसी भी चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने के बाद भी योजना से लाभ मिलना बंद नहीं होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार यदि कोई योजना आचार संहिता से पहले से संचालित है तो फिर वह बंद नहीं होगी। यानी योजना के तहत आचार संहिता के दौरान भी महिलाओं के खातों में एक-एक हजार रुपए पहुंचेंगे।

# वीडी शर्मा को हटाने और 5 सीटों पर टिकटों की रखी मांग

### शिवराज से मिले ओबीसी महासभा के पदाधिकारी

**भोपाल नप्र।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को छतरपुर जिले में आयोजित गौरव दिवस समारोह में शामिल होने के बाद जब भोपाल के लिए वापस रवाना हो रहे थे, तब हैलीपेड पर कई संगठनों ने उनके साथ मुलाकात की। इस दौरान ओबीसी महासभा के पदाधिकारियों ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात करते हुए अपना ज्ञापन सौंपा और छह मांगे उनके सामने रखीं, जिसमें प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा के खिलाफ खुलकर विरोध हुआ, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। ओबीसी महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप चौरसिया, प्रदेश सचिव नरेन्द्र पटेल, जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने मुख्यमंत्री से मिलते ही सबसे पहले वीडी शर्मा को प्रदेशाध्यक्ष पद से हटाने की मांग की। उन्होंने कहा कि वीडी शर्मा के कारण यहां पर ओबीसी समाज के लोगों को झूठे केस लगाकर प्रताड़ित किया जा रहा है। इसके अलावा छतरपुर जिले में पांच सीटों पर ओबीसी समाज को टिकिट देने, ओबीसी मतगणना कराए जाने, 52 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण करने सहित खराब हुई फसलों का मुआवजा दिलाने की मांग की गई। ओबीसी ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा से पूरा जिला परेशान है, उनके कहने पर कई लोगों पर फर्जी एफआईआर कराई जाती हैं।

## कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए जीतू पटवारी, बोले

# हमारी सरकार को भाजपा ने मिलकर लूट लिया

**भोपाल नप्र।** कांग्रेस सरकार के पूर्व मंत्री जीतू पटवारी शुक्रवार शाम दमोह में कांग्रेस के जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे, जहां उन्होंने पत्रकारवार्ता के दौरान भाजपा सरकार पर कांग्रेस की सरकार को लूटने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि 2018 में कांग्रेस की सरकार बनी थी, जो 2023 तक चलनी थी, लेकिन भाजपा ने हमारी सरकार लूट ली।



उन्होंने कहा प्रदेश का एक प्राचीनतम इतिहास जिसमें विरोधियों का भी सम्मान होता है एक दूसरे के सम्मान की परंपरा है। पूर्व मंत्री ने कहा भाजपा सरकार के 20 साल हो चुके हैं और शिवराज सिंह के 18 उन्होंने कैसा प्रदेश बना दिया यह सब जानते हैं। चार लाख करोड़ रुपये का कर्ज मध्यप्रदेश सरकार पर है। बजट का 25 प्रतिशत कर्ज का ब्याज चुकाने में चला जाता है। सबसे बड़ा बेरोजगार प्रदेश मध्यप्रदेश है, जहां 48 प्रतिशत युवा जो 30 साल से कम के हैं रोजगार के लिए भटक रहे हैं। बड़े-बड़े ठेकेदारों को 50 प्रतिशत कमीशन लेकर करोड़ों के ठेके दिए जा रहे हैं।

पटवारी ने कहा कि जनभावना बन रही है कि शिवराज को जाना चाहिए और कमलनाथ को आना चाहिए। हमारी सरकार हर वर्ग को लाभ देगी। दमोह की चारों विधानसभाओं की जीत को लेकर उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी ने एक सर्वे कराया है, जिसमें मध्यप्रदेश में 150 से अधिक सीटें कांग्रेस जीतेगी। रही बात दमोह की तो मुझे पार्टी ने दमोह का प्रभारी बनाया है और मैं ये कह सकता हूं कि दमोह में अधिक सीटें आएंगी। बिकने वाले विधायकों को लेकर पटवारी ने कहा जो बिके वो हारे हैं। अब हम मजबूत लोग हैं जो कहीं नहीं जाएंगे। कांग्रेस में ज्यादा लोगों की दावेदारी के कारण माहौल बिगड़ता है। इस पर उन्होंने कहा कि यह बात सही है, लेकिन इस बार पार्टी योग्य व्यक्ति चुनेगी, लेकिन जिन्हें टिकट नहीं मिलेगी वह अयोग्य नहीं हैं, उन्हें भी समय आने पर विधायक के बराबर का सम्मान दिया जाएगा।

दमोह शहर के गंगा जमुना स्कूल में हिंदू छात्राओं को हिजाब पहनाने के मामले में जीतू पटवारी ने कहा कि निजी स्कूलों में ड्रेस कोड का कोई नियम नहीं बनाया गया है। इसमें पूरी गलती प्रदेश की भाजपा सरकार की है। उन्हें नियम बनाने थे ताकि यह स्थिति ही पैदा नहीं होती और रही बात इस मामले की तो सरकार जांच कर रही है यदि जबरदस्ती हुई है तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई भी होनी चाहिए।

## मतदाता सूची के काम से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादले नहीं होंगे

# गृह जिले और तीन साल से एक स्थान पर पदस्थ अधिकारियों के करने होंगे तबादले

**भोपाल नप्र।** नवंबर में होने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने तैयारी तेज कर दी है। मुख्य सचिव और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि उन अधिकारियों के तबादले किए जाएं, जो गृह जिले में पदस्थ हैं। साथ ही जिन्हें चार वर्ष की अवधि में एक स्थान पर पदस्थ रहते तीन वर्ष हो चुके हैं। इसके दायरे में चुनाव कार्य में संलग्न अधिकारियों के अलावा अन्य समकक्ष अधिकारी भी आएंगे। आयोग के वरिष्ठ प्रमुख सचिव नरेंद्र एन बुटोलिया ने शुक्रवार को मुख्य सचिव और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को दिए निर्देश में कहा कि 31 जनवरी




2024 की स्थिति में जिन अधिकारियों को एक स्थान पर पदस्थ रहते हुए तीन वर्ष हो चुके हैं या गृह जिले में पदस्थ हैं, उन्हें स्थानांतरित किया जाए।

इस दायरे में जिला व उप निर्वाचन पदाधिकारी, रिटर्निंग आफिसर, सहायक रिटर्निंग आफिसर, राजिस्ट्रीकरण व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के साथ अतिरिक्त, संयुक्त व उप कलेक्टर, तहसीलदार, विकासखंड और समकक्ष श्रेणी के अधिकारी आएंगे। इसके अलावा पुलिस महानिरीक्षक, उप महानिरीक्षक, कमांडेंट, पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक, निरीक्षक, उप निरीक्षक, रक्षित निरीक्षक और समकक्ष श्रेणी के अधिकारियों के भी तबादले किए जाएंगे।

### इन पर प्रविधान नहीं होगा लागू

राज्य मुख्यालय पर पदस्थ विभागीय अधिकारी, डाक्टर, इंजीनियर, प्रिंसिपल, शिक्षक, सेक्टर आफिसर या जोनल मजिस्ट्रेट। मतदाता सूची के काम से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादले नहीं होंगे। यदि किसी का तबादला करना प्रशासिनक दृष्टि से आवश्यक होगा तो उसके लिए पहले आयोग से अनुमति लेनी होगी। कोई भी तबादला किया जाता है तो उसकी सूचना मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को अनिवार्य रूप से देनी पड़ेगी। दंडित अधिकारियों की नहीं लगेगी ड्यूटी चुनाव आयोग ने जिन अधिकारियों को दंडित किया है या फिर जांच करने के निर्देश दिए थे, उन्हें चुनाव ड्यूटी में नहीं लगाया जाएगा। जिन अधिकारियों के विरुद्ध आपराधिक मामले चल रहे हैं, उन्हें भी चुनाव प्रक्रिया से दूर रखा जाएगा।

## वन माफिया के ऊपर रासुका लगाई जाए

### वन कर्मचारी मंच ने वन मंत्री को ज्ञापन सौंप की मांग

**भोपाल।** विदिशा जिला लटेरी वन क्षेत्र मे वन माफियाओं ने कल वन कर्मचारियों के ऊपर प्राणघातक हमला किया है हमले में 4 वन कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हुए हैं लेकिन पुलिस ने घटना की एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई है। वन कर्मचारी मंच ने वन मंत्री को ज्ञापन सौंपकर मांग की  है कि वन कर्मचारियों के ऊपर हमला करने वाले वन माफियाओं को तत्काल गिरफ्तार किया जाए तथा उनके विरुद्ध रासुका लगाने की कार्रवाई की जाएं। वन कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि प्रदेश में वन कर्मचारियों के ऊपर निरंतर वन माफिया हमले कर रहा है लेकिन सरकार वन कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस नीति नहीं बना रही है नाही शस्त्र चलाने का अधिकार दे रही है बल्कि वन माफियाओं को मुआवजा और अनुकंपा नियुक्ति की सौगात दे रही है जिस कारण बन माफिया के हौसले निरंतर बुलंद होते जा रहे हैं 9 माह पूर्व 16 अगस्त 2022 को बंद कर्मचारियों ने अपनी सास की बंदूकें भी विभाग के माल खाने में जमा कर दी है।

## ब्रीफ न्यूज़

### भारत विकास परिषद शाखा सिंगरौली की बैठक हुयी संपन्न



**सिंगरौली।** 2 जून को भारत विकास परिषद की बैठक का आयोजन डॉक्टर ओ पी राय के आवास में राष्ट्रगान के द्वारा किया गया। बैठक का अध्यक्षीय उद्बोधन परिषद के अध्यक्ष डॉक्टर ओपी राय के द्वारा किया गया। विगत दिनों विंध्य प्रांत की कार्यशाला का आयोजन रीवा में किया गया था जिसकी जानकारी सचिव मिथिलेश मिश्रा द्वारा दी गई। कल की बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई जिसमें प्राथमिकता के आधार पर एक गांव को गोद लेने की बात कही गई, न्यायालय के बगल में भारत विकास परिषद के द्वारा वाटर कूलर लगाया गया है, जिसकी देखरेख सुरक्षा पर भी चर्चा हुई, ।?परिषद के द्वारा विगत 4 वर्षों से महीने के पहले और तीसरे रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होता है जिसको सुचारू रूप से चलाने पर भी चर्चा हुई और हर शिविर में परिषद के सदस्य ज्यादा से ज्यादा तादाद में उपस्थित हो यह बात भी रखी गई। परिषद में नए सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर भी जोर दिया गया, कल की बैठक में ज्यादा से ज्यादा सदस्यों की उपस्थिति मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। भारत विकाश परिषद के अध्यक्ष डा ओपी राय ने जरूरत मंद को ए वी निगेटिव रक्तदान कर मरीज की जान बचाने में एक डा. का फर्ज निभाया जिसकी चारो तरफ तारीफ कि जा रही है। उन्होंने बताया कि हर उस व्यक्ति को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए जो पूरी तरह से स्वस्थ हो जिसे किसी भी प्रकार की कोई गंभीर बीमारी ना हो। डॉक्टर का परामर्श लेकर जरूरतमंद को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए परिषद के अध्यक्ष होने के नाते रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता आएगी इस उद्देश्य से हमें ही सबसे पहले रक्तदान के लिए आगे आना होगा। भारत विकाश परिषद के द्वारा पॉलीथिन का इस्तेमाल ना करने के लिए और आगामी दिनों में पाँच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण करने रक्तदान के लिए आंगे आने के लिए शहर को साफ सुथरा एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए स्वच्छता की गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए जल संग्रहण को बनाए रखने एवं जल ही जीवन है आज की इस वैठक में और कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।?इस दौरान अध्यक्ष डा. ओ पी राय सचिव मिथिलेश मिश्रा कोषाध्यक्ष रावेन्द्र विक्रम सिंह राणा प्रताप सिंह सुरेन्द्र गुप्ता डा.सुशील सिंह चंदेल डॉ डी के मिश्रा एन बी सिंह राजीव लोचन श्रीवास्तव पवन श्रीवास्तव विवेक श्रीवास्तव संजीव अग्रवाल संजय आचार्य संजय अग्रवाल विजय शुक्ला अशोक सिंह रामलगन विश्वकर्मा एस एन द्विवेदी सुरेंद्र नोतवानी रितिक भट्टाचार्य उमेश कुमार विवेक त्रिपाठी भानू अग्रहरी इत्यादी लोगों की उपस्थिति रही।

### नेहरू युवा केन्द्र द्वारा विश्व साईकिल दिवस पर निकाली गई रैली



**सीधी।** नेहरू युवा केन्द्र सीधी ''युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार'' द्वारा आज दिनांक 03 जून 2023 को प्रात- 07-00 बजे संजय गांधी महाविद्यालय मैदान सीधी से न्यू बस स्टैण्ड तिराहा तक साईकिल रैली का आयोजन किया गया। अर्जुन सिंह लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक नेहरू युवा केन्द्र सीधी द्वारा बच्चों को बताया गया कि दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से विश्वभर में 3 जून यानी आज विश्व साइकिल दिवस या वर्ल्ड बाइसिकल डे मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों को ये समझाना है कि साइकिल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए तो बेहतर है हीए पर्यावरण और अर्थव्यवस्था के लिए भी अनुकूल है संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 3 जून को इस दिन के तौर पर मनाये जाने की घोषणा की थी। आधिकारिक तौर पर पहली बार विश्व साइकिल दिवस 3 जून 2018 को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के द्वारा मनाया गया थाण् इस उद्घाटन समारोह में संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों, राजनयिकों, एथलीटों, साइकिलिंग समुदाय के अधिवक्ताओं सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया था। इस अवसर पर साइकिल चलाने वाले लोगों की सेवा करने के कई तरीकों को भी साझा किया गया था। साथ ही साइकिल चलाने के महत्त्व और सेहत के लिए इसके फायदों के बारे में भी बताया गया।

## सायकल रैली व सायकल रेस के माध्यम से

# पर्यावरण बचाने की हिंडालको महान की अनोखी मुहीम



समय| सिंगरौली

हिंडालको महान कंपनी ने विश्व सायकल दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस मुहिम के तहत,हिंडालको महान ने एक सायकल रैली का आयोजन किया है,जो साथी सायकल उपयोगकर्ताओं को पर्यावरण संरक्षण की महत्वपूर्णता के बारे में जागरूक करने का एक माध्यम है। यह जनसंचार कार्यक्रम 3 जून को हिंडालको महान ने महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल बरगंवा के कैंपस में आयोजित किया गया। उपस्थित लोगों में हिंडालको कंपनी के प्रबंधकों, इंजीनियरो, स्थानिय स्कूल के बच्चे व स्कूल प्रशासन के अधिकारी व सायकल प्रेमी समूह शामिल हुए। इसके अलावा,कई स्थानीय सायकल उपयोगकर्ता लोग भी उपस्थित थे और इस मुहीम के समर्थन में अपना समर्थन प्रदान किया। यह कार्यक्रम एल्युमिनियम निर्माता कंपनी हिंडालको महान के सी.एस.आर.विभाग व पर्यावरण विभाग के माध्यम से जो पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और साइक्लिंग को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।इस आयोजन के दौरान, स्कूल के छात्र छात्राओं के साथ साथ सायकल उपयोगकर्ताओं एवम हिंडालको संस्थान के अधिकारियों ने एक रैली निकाली, जिसमें वे पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बढ़ावा देने के लिए शहर के मुख्य मार्गो पर घूमे। इसके साथ ही, उन्होंने लोगों को प्रदूषण नियंत्रण,वायु प्रदूषण कम करने,यातायात की भारी जटिलताओं से बचने, शारीरिक गतिविधियों में स्वस्थ



रहने और प्राकृतिक संसाधनों के सदुपयोग के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न संकल्प प्रस्तुत किए। हिंडालको महान ने इस कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित लोगों को साइकलिंग के फायदों के बारे में जागरूक किया है और इसे स्वस्थ, सुरक्षित और पर्यावरण के लिए अनुकरणीय व्यायाम साधन के रूप में प्रोत्साहित किया है ।हिंडालको महान से निर्भय सिंह व बीरेंद्र पाण्डेय ने इस कार्यक्रम में भाग लेते हुए लोगो के सायकल उपयोगकर्ताओं को प्रेरित किया व सायकल रेस में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुये पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बताते हुए, सायकलिंग के फायदों पर विचार-विमर्श किया और लोगों को साइकल उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, उन्होंने नगर की प्रशासनिक निकायों के साथ मिलकर साइकल यातायात के लिए और विश्वस्तरीय साइकल यातायात नीतियों के विकास के लिए अधिक प्रयास करने का आह्वान किया।इस सायकल रैली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाने के साथ ही, हिंडालको कंपनी ने इस घटना को कार्बन न्यूट्रल होने का ध्यान देते हुए आयोजित किया है। सभी उपस्थित लोगों को निःशुल्क बाइसिकल सर्विस और शुद्ध ऊर्जा स्रोतों के उपयोग का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया गया है।यह कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के महत्वपूर्ण मुद्दों पर जनजागृति फैलाने और साइकलिंग को सामाजिक मान्यता प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।कार्यक्रम के सफल आयोजन में हिंडालको महान के इंजीनियर अनिता,श्वेता,सुमेधा,कुलदीप, व विवेक कुशवाहा,खुश्बू गुप्ता,अरविन्द बैश्य,खलालू विशेष योगदान रहा।

## एनसीएल की दूधिचुआ परियोजना ने मिशन लाइफ के तहत

# आईटीआई सिंगरौली व डीएवी में आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

एजेंसी| सिंगरौली



नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में चल रहे ÷मिशन लाइफ (स्द्धस्नश्व) ÷पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली÷ के कार्यक्रमों की श्रंखला में दूधिचुआ क्षेत्र ने आईटीआई कॉलेज सिंगरौली में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया । कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण जागरूकता एवं संरक्षण विषय पर निबंध , स्लोगन लेखन , पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया । कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ भी दिलायी गयी । दूधिचुआ क्षेत्र द्वारा परियोजना के डीएवी स्कूल में भी एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 100 से अधिक बच्चों के बीच कपड़े के बैग और पर्यावरण जागरूकता कैलेंडर का वितरण करके मिशन लाइफ के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में दूधिचुआ क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री सतीश झा, प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी श्री मुकेश श्रीवास्तव एवं परियोजना के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल कि सभी परियोजनाओं में मिशन लाइफ के अंतर्गत ऊर्जा की बचत, पानी की बचत, एकल उपयोग प्लास्टिक की रोकथाम, सतत खाद्य प्रणालियों को अपनाना , अपशिष्ट कम करना, स्वस्थ्य जीवन शैली को अपनाने , ई वेस्ट को कम करना इत्यादि विषयों से संबन्धित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### हर दिल ध्यान हर दिन ध्यान कार्यक्रम आयोजित



**सीधी।** प्रदेश जन अभियान परिषद से संबद्ध नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति सीधी द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पोखड़ौर के सहयोग से और जिले के मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक शिवदत्त उर्मलिया के निर्देशानुसार और जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक अनिल पाठक के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत पोखड़ौर में हार्ट फुलनेस इंस्टिट्यूट हैदराबाद के ध्यान, प्राणायाम,योग प्रशिक्षक धर्मराज शर्मा के मुख्य आतिथ्य और पोखड़ौर के सरपंच,सचिव, ब्लॉक समन्वयक अनिल पाठक के विशिष्ट आतिथ्य और नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति के अध्यक्ष रवि शंकर मिश्र,परामर्श दाता गोविंद गौतम ,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पोखड़ौर के अध्यक्ष राजीव मिश्र,सचिव आशीष मिश्र और ग्रामीण जन की उपस्थिति में ग्राम पोखाड़ोर के तालाब के पास शिव मंदिर प्रांगड़ में हर दिन ध्यान हर दिल ध्यान कार्यक्रम किया गया। जिसमें मनुष्य के दिमागी उलझन,तनाव को दूर करने के लिए प्रशिक्षक धर्मराज शर्मा द्वारा ग्रामीण जन को तीन दिन ध्यान प्राणायाम योग कराया गया। यह ध्यान प्राणायाम कार्यक्रम नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति सीधी द्वारा ग्राम पंचायत गजरही उन्मुक्त, भितरी द्वारा कला कुसियारी खोचीपुर बेलहा तेंदुहा एक, रजडीहा, दूअरा कला,खोरी, अमरपुर, मरसरहा, पथरौही, रामडीह, सोनतीर पटेहरा, शरदा, झिंगाझर,झुमरिया,खैरा, सैरपुर, मझरेटी कोठार कला कुचवाही, जनकपुर,पोखड़ौर ग्राम पंचायत में योग ध्यान प्राणायाम का तीन दिवसीय कार्यक्रम कराया गया और आज कार्यक्रम के अंतिम दिन ध्यान,प्राणायाम कराकर स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर डॉ, जितेंद्र मिश्र,आशा ममता मिश्रा के द्वारा सभी जन समुदाय का स्वास्थ्य जांच कराया गया और उचित परामर्श दिया गया। कार्यक्रम के समापन के समय मुख्य अतिथि हार्ट फुलनेस इंस्टिट्यूट के प्रशिक्षक धर्मराज शर्मा को पुष्प गुच्छ और श्रीफल देकर अनिल पाठक और रवि शंकर मिश्र द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन के बाद जीवेंद शुक्ला द्वारा सभी अतिथियों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में आशीष मिश्रा,राजीव मिश्र का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम में ग्राम ढाढा से प्रभात शुक्ल, कुबरी से कृष्ण कुमार शुक्ला,मृत्युंजय गौतम, जीवेन्द्र शुक्ल और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# सीधी जिले में 66 करोड़ की लागत से होगा विद्युत अधोसंरचना का सुदृढ़ीकरण



**सीधी।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि सीधी जिले के विद्युत अधोसंरचना को सुदृढ़ करने एवं विद्युत हानियों को कम करने के लिये 66 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गए हैं। इसमें से भारत सरकार द्वारा रिवेम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के प्रथम चरण के तहत 45 करोड़ रुपये और राज्य सरकार द्वारा 21 करोड़ रुपये के कार्य स्वीकृत किये गए हैं। स्वीकृत कार्यों में 100 किलोमीटर 132 केव्ही लाइन निर्माण, एक नवीन 33ध्11 केव्ही उपकेंद्र निर्माण, वोल्टेज व्यवस्था के सुधार के लिये 14 स्थानों पर कैपेसिटर बैंक स्थापना, 37 उच्च दाब फीडरों का विभक्तिकरण कार्य, 506 वितरण ट्रांसफार्मर स्थापना, 1855 किलोमीटर निम्न दाब लाइनों का केबलिंग कार्य और 241 उच्च दाब फीडरों का विभक्तिकरण एवं कंडक्टर क्षमता वृद्धि के कार्य सम्मिलित हैं। इससे सीधी जिले की लगभग 12 लाख की जनसंख्या लाभान्वित होगी। साथ ही आगामी 10 वर्षों की विद्युत मांग की सफलतापूर्वक पूर्ति हो सकेगी।

## आयोग्य भारती व सुसंस्कार सोशल डब्लपमेंट द्वारा

# दीप प्रज्वलित कर मनाया गया छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक उत्सव



**सिंगरौली।** छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के 350 बर्ष के पावन पर्व हिन्दू साम्राज्य दिवस पर आरोग्य भारती सिंगरौली एवम सुसंस्कार सोशल डब्लपमेंट द्वारा निगाही दुर्गा मण्डप के प्रांगण में 351 दीप प्रज्वलित कर राज्याभिषेक के खुशियों का उत्सव मनाया गया साथ ही छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जन अभियान के जिला समन्वयक राजकुमार विश्वकर्माजी,आरोग्य भारती के प्रांतीय संयोजक डॉ आर डी पाण्डेय, सुसंस्कार सोशल डब्लपमेंट के सचिव गजमोचन सिंह, नवांकुर सेक्टर खुटार के कार्यक्रम समन्वयक श्रीनिवास श्रीवास्तव,पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी रामनरेश त्रिपाठी,बी के शुक्ला,? प्रकाश तिवारी,शुभम सिंह,पूर्णिमा जी,संतोषी जी,बालमणि द्विवेदीजी रामबोला महराज, राहुल चौरसिया के साथ कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सेंटर फॉर साइट ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स और एस्सिलोर लक्सोटिका आए साथ, मायोपिया के खिलाफ लड़ाई को मिलेगी मज़बूती





**नई दिल्ली।** सेंटर फॉर साइट ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, आंखों के मामले में उत्तर भारत का एक लीडिंग सेंटर है। सेंटर फॉर साइट ग्रुप ने अब अपनी तरह का पहला मायोपिया एक्सीलेंस सेंटर स्थापित करने के लिए ऑप्टिकल समाधानों में ग्लोबल लीडर एस्सिलोर लक्सोटिका के साथ हाथ मिलाया है। इस पार्टनरशिप का उद्देश्य मायोपिया से जुड़ी बढ़ती चिंताओं को दूर करना और इसके सुधार के लिए समाधान का रास्ता निकालना है। मायोपिया को आमतौर पर निकट दृष्टि दोष के रूप में जाना जाता है। ये दुनिया भर में एक बड़ी हेल्थ समस्या बन गई है। आशंका है कि 2050 के आसपास हर 2 में से 1 व्यक्ति में मायोपिया होगा। बच्चों और युवा आबादी में भी इसकी समस्या बढ़ रही है। सेंटर फॉर साइट ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स अपनी विशेषज्ञता और लेटेस्ट एडवांस तकनीक के लिए जाना जाता है, और अब सेंटर ने मायोपिया सुधार पर ध्यान केंद्रित करके रोकथाम योग्य नेत्र रोगों को खत्म करने की दिशा में एक सक्रिय कदम उठाया है।

एस्सिलोर लक्सोटिका के साथ पार्टनरशिप में शुरू हो रहा मायोपिया एक्सीलेंट सेंटर इसके इलाज के लिए रिसर्च से लेकर तमाम एडवांस चीजों की सुविधा मुहैया कराएगा। इस सेंटर के माध्यम से जाने-माने एक्सपर्ट एक साथ आएंगे, नेत्र रोग विशेषज्ञ आपस में विचार करेंगे, रिसर्च की जाएगी और आंखों के इलाज के लिए नए मेथड्स विकसित किए जाएंगे। सेंटर फॉर साइट ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स से डायरेक्टर डॉक्टर महिपाल सिंह सचदेव ने कहा, ''सेंटर फॉर साइट में, हमारी प्रतिबद्धता हमेशा मरीजों को उच्चतम स्तर से आंखों की देखभाल करने की रही है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि मायोपिया मैनेजमेंट नेत्र रोगों को खत्म करने और लाखों बच्चों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एस्सिलोर लक्सोटिका के साथ साझेदारी करके, हमारा उद्देश्य मायोपिया मैनेजमेंट में एक ग्लोबल मानदंड स्थापित करना है और इस स्थिति से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करने वाले विकल्प विकसित करने हैं।'' डॉक्टर सचदेव ने मायोबिया को मैनेज करने के लिए सहयोग को काफी महत्वपूर्ण बताया और कहा, '' मायोपिया एक्सीलेंस सेंटर की स्थापना रिसर्च को बढ़ावा देने और एक ऐसा प्लेटफार्म बनाने के लिए हमारे समर्पण को दर्शाता है जहां विशेषज्ञ मायोपिया की रोकथाम के लिए असरदार रणनीतियों को विकसित करने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। हमारा दृष्टिकोण मायोपिया के बोझ को कम करना और लोगों को नेत्र स्वास्थ्य प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाना है।'' एस्सिलोर लक्सोटिका साउथ एशिया के कंट्री हेड नरसिम्हन नारायणन ने कहा, '' ÷एक दिन में 12 घंटे पहनने पर सिंगल विजन लेंस की तुलना में द एस्सिलोर0 स्टेलेस्टज्ञ लेंस एक्सक्लूसिव "HĐAĐLĐTĐ" टेक्नोलॉजी के साथ मायोपिया की प्रोग्रेस को औसतन 67 फीसदी कम कर देती है। एस्सिलोर में, हम विजन टेक्नोलॉजी की सीमाओं को आगे बढ़ाने और मायोपिया से प्रभावित बच्चों के जीवन में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' एस्सिलोर लक्सोटिका इंडिया में मायोपिया कंट्रोल की बिजनेस हेड राधिका फ्रांसिस, ने कहा, ''सेंटर फॉर साइट के साथ पार्टनरशिप से हमें उनके क्लीनिकल अनुभव और नेटवर्क का लाभ उठाने मौका मिलेगा, जिसके परिणामस्वरूप मायोपिया की रोकथाम की मुहिम को मजबूती मिलेगी।'' सेंटर फॉर साइट ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स और एस्सिलोर की साझेदारी का उद्देश्य जॉइंट विशेषज्ञता, एडवांस तकनीक और रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से मायोपिया के मैनेजमेंट में क्रांति लाना है। दोनों संगठनों की ताकत का लाभ उठाकर, उनका लक्ष्य मायोपिया प्रबंधन में नए मानक स्थापित करना और आंखों की देखभाल के परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालना है।



समय

सीधी, रविवार 4 जून 2023

पेज 8 का शेष...

## जनजातीय विकासखण्डों की ग्रामसभाओं...

जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण तथा सीधी जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री मीना सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के कुसमी प्रवास के दौरान जनजातीय समुदाय के लोगों द्वारा भगवान बड़ा देव के मंदिर निर्माण तथा मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की माँग की गई थी। मुख्यमंत्री द्वारा पूरी श्रद्धा से माँग को पूरा करते हुए मंदिर का निर्माण कराया गया है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनजातीय समुदाय सदैव से प्रकृति का पुजारी रहा है। पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन में जनजातीय समुदाय में अपनी जिम्मेदारी निर्वहन किया है। भगवान बड़ा देव की प्रेरणा से हम निरंतर अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठा से निर्वहन करते रहेंगे और पर्यावरण के संवर्धन और समाज के कल्याण के लिए अपने कर्तव्यों को निभाते रहेंगे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान महिलाओं तथा बच्चियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। यह मुख्यमंत्री जी के ही प्रयास हैं कि लाड़ली लक्ष्मी योजना से बेटियों के प्रति समाज में एक सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ है। आज प्रदेश में लिंगानुपात बढ़ा है, बेटियों के जन्म पर उत्सव मनाया जाता है। बेटी के जन्म से उसके पढ़ाई लिखाई की पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार ने ली है। लाड़ली लक्ष्मी बेटियों के विवाह के समय सरकार उन्हें एक लाख रुपये की राशि प्रदान करेगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि अब प्रदेश के मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना योजना के माध्यम से बहनों की सशक्तिकरण की दिशा में क्रान्तिकारिक पहल की है। प्रदेश में एक करोड़ 25 लाख बहनों ने इस योजना में अपना पंजीयन कराया है। 10 जून से प्रत्येक माह इन बहनों के खाते में एक हजार रुपये की राशि डाली जाएगी। यह राशि बहनों के सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभाएगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि इसी प्रकार आजीविका मिशन की गतिविधियों को बढ़ावा देकर बहनों को आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बहनों को आजीविका मिशन से जुड़ने का आह्वान किया है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि स्कूली बच्चों की ड्रेस सिलाई का कार्य आजीविका मिशन की बहनें ही करें। प्रभारी मंत्री सुश्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में आज प्रदेश सरकार की योजनाएं गांव-गांव घर-घर तक पहुंच रही हैं। अधोसंरचना के क्षेत्र में प्रदेश में उत्तरोत्तर प्रगति हुई है। प्रदेश के हर क्षेत्र में सड़कों का जाल फैला है। सड़कों की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, इससे आवागमन सुगम हुआ है। बिजली के क्षेत्र बहुत सुधार हुआ है। अब गांवों में भी 24 घंटे बिजली की आपूर्ति होती है। खराब ट्रांसफार्मर निर्धारित समयावधि में बदले जा रहे हैं। उन्होंने लोगों का आह्वान किया है कि सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक बने और आगे आकर योजनाओं का लाभ लें।

**मुख्यमंत्री ने कुसमी क्षेत्र के विकास के लिए दी कई सौगातें:** विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम ने जनजातीय समुदाय के विकास के लिए चलाई जा रही योजनाओं तथा कुसमी क्षेत्र के विकास के लिए दी गई सौगातों के लिए मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया है। विधायक ने कहा कि कुसमी प्रवास के दौरान जनजातीय समुदाय के भाईयों की विशेष मांग को सहर्ष स्वीकार करते हुए भगवान बड़ा देव के मंदिर का निर्माण कराया है। आज बड़ा देव भगवान की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रदेश के जनजातीय समुदाय के समागम का अवसर मिला है जिससे वह हर्षित एवं आनंदित है। विधायक श्री टेकाम ने सभी अतिथियों का शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि कुसमी प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण, ऐतिहासिक रूप से समृद्ध क्षेत्र है। यहाँ के निवासियों ने क्षेत्र तथा प्रदेश के विकास में अपनी भूमिका निभाई है। यहाँ की प्रतिभाओं ने पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। आज उनके सम्मान का अवसर है।

**इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर से.नि. आई.ए.एस. अध्यक्ष गोंड महासभा वी.एस. परतेती, प्रांतीय सचिव वनवासी विकास परिषद महाकौशल प्रान्त अर्जुन सिंह मरकाम, अध्यक्ष अजाक्स सीधी डॉ. कैलाश सिंह नेताम, जि.पं. सदस्य हीराबाई सिंह, सीताराम गोंड, शशि परतेती, धरम सिंह मसराम, यू बी सिंह धुर्वे, जमुनी देवी, द्रौपदी सिंह सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधि द्वारा सहभागिता की गई। कलेक्टर साकेत मालवीय, पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, उपखण्ड अधिकारी आरके सिन्हा, सीईओ जनपद मानसिंह सैयाम सहित संबंधित विभागीय अधिकारी तथा ग्रामीण जन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन अंतर्गत मीडिया कार्याशाला हुई संपन्न

**सीधी।** जिले के समस्त गणमान्य एवं आम जन-मानस को आभा आईडी बनवाने और उन्हें प्रोत्साहित करने तथा इसकी भावी उपयोगिता को प्रभावी रूप से प्रचार-प्रसार करने के लिए शनिवार को सीएमएचओ कार्यालय के सभागार में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत शासकीय एवं निजी स्वास्थ्य संस्थाओं और सेवा प्रदाताओं के राष्ट्रीय पोर्टल पर पंजीयन का कार्य प्रचलन में है। आम नागरिकों की निःशुल्क आभा आईडी बनाने का कार्य निरंतर जारी है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का उद्देश्य देश के एकीकृत डिजिटल स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को समर्थन करने के लिए आवश्यक तंत्र का विकास करना है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) से मेडिकल रिकार्ड को सुरक्षित रूप से स्टोर और एक्सेस करने की सुविधा, स्वास्थ्य संस्थाओं और सेवा प्रदाताओं के बारे में सटीक जानकारी होना, टेली-परामर्श और ई-फार्मेसी के माध्यम से दूरस्थ रूप से स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने का विकल्प होगा। साथ ही सार्वजनिक और निजी दोनों ही स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने का विकल्प प्रदान करेगा। सेवाओं के मूल्य निर्धारण में पारदर्शिता एवं स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करना। स्वास्थ्य प्रदायकर्ताओं के पास



रोगी के चिकित्सीय इतिहास बेहतर पहुंच होगी। दावा क्लेम की प्रक्रिया को डिजिटल बनाने और तेजी से प्रतिपूर्ति को सक्षम करने में मदद करेगा। उन्नत एनालिटिक्स् और बेहतर स्वास्थ्य देखभाल को सक्षम बनाने के लिए उच्च गुणवत्ता के डाटा उपलब्धता की सुविधा होगी। इसके अलावा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन आभा आईडी से नागरिकों को सुरक्षित और कागज रहित तरीके से चिकित्सीय जानकारी तक आसान पहुँच, आधार नबंर का उपयोग करके असान साईन अप, स्वैच्छिक लॉग इन और लाग आउट, निजी स्वास्थ्य डेटा तक सुरक्षित पहुंच, रोबस्ट आईडी के कारण प्रिस्क्रिप्शन एवं उपचार संबंधी त्रुटियों में कमी, डिजिटल हेल्थ इकोसिस्टम तक समावेशी पहुंच होगी। मीडिया कार्यशाला के दौरान समस्त प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक, डिजिटल वेब मीडिया के पत्रकारगण एवं सीमएचओ डॉ आई.जे. गुप्ता, जिला आई.ई.सी. सलाहकार प्रभारी मिडिया अधिकारी अमित कुमार सिंह, एम एण्ड ई अशोक चतुर्वेदी, आयुष्मान जिला समन्वयक रवि शंकर तिवारी एवं कृष्णेन्द्र मिश्रा उपस्थित रहे। समस्त मीडिया प्रतिनिधियों का पंजीयन कराया गया। अमित कुमार सिंह के द्वारा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन एवं आभा आईडी के संबंध में परिचय देते हुए मीडिया प्रतिनिधियों की आभा आईडी बनवाने का कार्य प्रारंभ कराया गया। सीएमएचओ डॉ आई जे गुप्ता के द्वारा आभा आईडी के उद्देश्य एवं उसके लाभ के बारे में जानकारी दी गई।

## रूद्रासरत्न पब्लिक स्कूल के छात्रों ने किया टॉप

**सीधी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. द्वारा बोर्ड परीक्षा परिणाम विगत दिनों घोषित कर दिया गया है। इसी तारतम्य में रूद्रासरत्न पब्लिक स्कूल अमरपुर ने 10वी कक्षा की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के प्राचार्य अवधेश शुक्ल के अनुसार जिले में इतिहास रच दिया है। आचार्य ने बताया कि विद्यालय के 10वीं एवं 8वीं तथा 5वीं के सभी छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी प्राप्त कर जिले के एकमात्र स्कूल होने का गौरव प्राप्त किया है। जिसके लिए विद्यालय के संचालक प्रभाकर सिंह सहित सिंह ज्ञानेंद्र सिंह एवं राम सिंह ने विद्यालय परिवार को बधाई दी है। प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं ने प्रथम श्रेणी में अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। छात्र/छात्राओं को बधाई देने वालों में से विद्यालय के प्राचार्य सहित विद्यालय के सलाहकार बालेंद्र शेखर द्विवेदी एवं शिक्षक में से के.के.मिश्रा, संदीपन चतुर्वेदी, प्रज्ञा मिश्रा, निवेदिता सिंह, नीलम पाठक, नीलम त्रिपाठी, नमन तिवारी तथा दिलीप सिंह, पत्रकार दया सिंह शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रभावी कदमः विधायक राम लल्लू बैस

### सामुदायिक भवन बैढ़न में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने किया 1000 लाडली बहनो को प्रमाण पत्रो का वितरण

**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 40 में स्थित सामुदायिक भवन बैढ़न में आयोजित कार्यक्रम में सिंगरौली विधान सभा के विधायक राम लल्लू बैस के द्वारा लाडली बहना योजना अंतर्गत पात्र बहनो को स्वीकृति पत्रो का वितरण किया गया । विधायक श्री बैस ने बहनो को संबोधित करते हुये कहा कि प्रदेश की बहनों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ और आत्मनिर्भर बनाने हेतु मुख्यमंत्री जी दारा प्रारंभ की गई महत्वाकांक्षी योजना लाड़ली बहना योजना के तहत आज हमारी बहनो को स्वीकृति पत्र प्रदान किये गए है। स्वीकृति पत्र तथा एक मुश्त राशि प्रतिमाह मिलनें से सभी बहनों में हर्ष का माहौल



व्याप्त है। उन्होने महत्वाकांक्षी योजना हेतु मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उपस्थित बहनों से मुख्यमंत्री जी को आभार पत्र प्रेषित करनें की अपील की। विधायक श्री बैस ने कहा कि बहनों को कोई कष्ट न हो, उन्हें कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़े इसलिए घर पर ही बहनों को योजना के स्वीकृति-पत्र प्रदान किए जा रहे हैं।उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रभावी कदम है।योजना के क्रियान्वयन से एक संकल्प पूरा हो रहा है।इससे बहनों का आत्म-विश्वास बढ़ेगा और उनके सपने पूरे होंगे। उन्होने कहा कि यह योजना महिलाओं के लिए विकास का बड़ा अवसर साबित होगी। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार में घर गृहस्थी चलाने की जिम्मेदारी महिलाओं की ही रहती है। सीमित संसाधनों में कई बार उनकी छोटी-मोटी जरूरतें भी पूरी होना कठिन हो जाता है। लाड़ली बहना योजना से हर माह मिलने वाली एक हजार रुपए की राशि इस कठिनाई को दूर करेगी। अब घर की आवश्यकताओं, बच्चों की पढ़ाई, दवाई तथा अन्य कार्यों के लिए उन्हें मुखिया के आगे हाथ नहीं फैलाना पड़ेगा। इस राशि से बचत करके वे संकट में परिवार की मदद भी कर सकेंगी। मुख्यमंत्री जी ने अपनी बहनों को जो वचन दिया है आज वह पूरा हो रहा है। बहनों को आज स्वीकृति पत्र प्रदान किए जा रहे हैं। उन्हें 10 जून को एक हजार रुपए की राशि उनके बैंक खाते में दी जाएगी। महिलाएं इस राशि का उचित उपयोग करेंगी। इस अवसर पर वार्ड पार्षद सीमा जयसवाल, समाजसेवी कुशुम शाह, उपायुक्त नगर निगम आरपी बैस, वार्ड प्रभारी एल.के सिंह सहित लाडली बहना उपस्थित रही।

# सीधी जिले के मेधावी विद्यार्थियों का भोपाल में हुआ सम्मान



**सीधी।** बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं एवं 12वीं परीक्षा में सीधी जिले के 17 विद्यार्थियों ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में नाम दर्ज कराते हुए जिला को गौरवान्वित किया है। 30 मई 2023 को रवींद्र भवन भोपाल में आयोजित संवाद एवं सम्मान समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान द्वारा इन मेधावी विद्यार्थियों को मेडल तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में हाई स्कूल के 16 विद्यार्थी जिसमें कीर्ति प्रभा मिश्रा प्रदेश में दूसरे स्थान पर रही। इसी प्रकार हर्षवर्धन सिंह, अभिनव मिश्रा, अंजली पांडे, श्री आंश सिंह, निशा दुबे, विनय पांडे, नियति तिवारी, दीक्षा द्विवेदी, आर्यन सोनी, स्वाति सिंह, आस्था तिवारी, प्रतीक सिंह, मयंक प्रताप सिंह, श्रीया मिश्रा, एवं प्रकाश कुमार तिवारी और हायर सेकेंडरी स्कूल में वीरेश कुमार प्रजापति ने प्रदेश में नौवां स्थान हासिल किया। 29 मई को सभी मेधावी विद्यार्थी एसी बस से भोपाल रवाना हुए। मेधावी विद्यार्थियों के साथ शिक्षक श्री रावेन्द्र पांडे एवं शिक्षिका कुमारी कंचन तिवारी साथ रही। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा संभाग रीवा एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ प्रेम लाल मिश्रा के निर्देशन में नोडल अधिकारी के रूप में एपीसी डॉ सुजीत कुमार मिश्रा विद्यार्थियो के साथ रहे। स्कूल शिक्षा विभाग इस उपलब्धि से गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

### सर्किट हाउस में भाजपा चुनाव संचालन समिति की हुई बैठक

# भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के साथ, विधायक व सांसद रहे उपस्थित



**सीधी।** शहर के सर्किट हाउस में भाजपा चुनाव संचालन समिति की बैठक हुई। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के साथ, विधायक व सांसद रहे उपस्थित।सीधी जिले में 4 विधानसभा सीटें हैं जिनमें से अभी 3 पर भाजपा का कब्जा है और एक पर कांग्रेस का कब्जा है। इसीलिए आगे आने वाले चुनाव में सभी चारों सीटों में भाजपा का कब्जा हो इसके लिए उन्होंने रणनीति बनाई है। चारों सीटों जीतने के लिए किस प्रकार से आगे रणनीतिक तैयारी करेगी इसके बारे में भी संगठनात्मक रूप से बदलाव किए जाने की संभावना उन्होंने जताई है।

साथ ही प्रदेश संगठन महामंत्री ने कहा कि जीतने वाले उम्मीदवारों को टिकट दिया जाएगा। उनके काम के आधार पर उनके व्यक्तित्व के आधार पर उन्हें टिकट का बंटवारा किया जाएगा। जो नेता अपने क्षेत्र में सक्रिय नहीं है उन्हें इस बार प्रदेश में कहीं भी टिकट नहीं दिया जाएगा, ऐसी इस बार भाजपा की मंशा है। जहा भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री की विशेष उपस्थिति में चुरहट व धौहनी विधानसभा के चुनाव संचालन समिति की बैठक सम्पन्न हुई है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री के साथ पूर्व मंत्री व रीवा विधायक राजेंद्र शुक्ला,प्रदेश महामंत्री व चुरहट के विधायक शरदेंदु तिवारी, प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी राजेश पाण्डेय,जिलाध्यक्ष सीधी देव कुमार सिंह एवं सांसद सीधी रीति पाठक के साथ जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष गण उपास्थित रहे।

# सार्थक संवाद मानसिक विकास की एक अहम कड़ीः रेखा सिंह



### जन शिक्षण संस्थान मे हुआ कौशल एवं कुशल भारत पर आधारित डिबेट का आयोजन

**सीधी।** कौशल मे पूर्ण रूप से कुशल होने के लिए प्रशिक्षण के साथ-साथ सार्थक संवाद बेहद अहम है। किसे भी विषय मे पूर्ण रूप से दक्ष होने हेतु आवश्यक है कि हम समान धारा से जुड़े दक्ष एवं कुशल व्यक्तियों के सानिध्य एवं उनसे सार्थक संवाद के माध्यम से सीखने का प्रयास करें क्यूंकि अनुभवों तथा बातचीत के माध्यम से अर्जित ज्ञान हमें नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। यह विचार जन शिक्षण संस्थान के सभागार मे जी-20 जन भागीदारी गतिविधियों के अंतर्गत कौशल एवं कुशल भारत पर आधारित डिबेट मे निर्णायक के रूप मे उपस्थित संस्थान की प्रबंध मण्डल की सदस्य रेखा सिंह ने व्यक्त किया। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार नेशनल सेक्टर स्किल काउंसिल के माध्यम से जी-20 जनभागीदारी गतिविधियों की श्रंखला मे जन शिक्षण संस्थान द्वारा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना तथा संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों के बीच डिबेट मे वरिष्ठ लेखाकार आर.डी.वर्मा ने प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनायें देते हुये ये कहा कि इस तरह के डिबेटों से प्रतिभागियों को किसी भी विषय के बारे मे उसकी खूबियों एवं कमियों को समझने मे सहायता मिलती है तथा उन्हें संबन्धित विषय की गहराई को जानने मे सहायता मिलती है। कार्यक्रम मे उपस्थित संस्थान के निदेशक जय सिंह ने प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना कराते हुये कहा कि संस्थान का मूल उद्येश्य यही है कि प्रशिक्षणार्थियों को कौशल में कुशल करने के साथ-साथ उन्हें देश की सामाजिक आर्थिक गतिविधियों से भी परिचित कराया जाय और उस कड़ी मे जी-20 की ये गतिविधियां निश्चित ही सहायक सिद्ध होंगी। डिबेट मे प्रमुख रूप से साक्षी जायसवाल, ज्योति वर्मा, आरती तिवारी, सीताकली सिंह, शिखा गुप्ता, रोशनी तथा खुशी ने भाग लिया एवं दिये गए विषय के संबंध मे विस्तार पूर्वक अपने विचार रखे। सफल कार्यक्रम के आयोजन मे संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी बृजेन्द्र सिंह, राकेश सिंह, सुमन सिंह, संतोष केवट, शोभा सिंह, ललिता पटेल, सुधा सिंह, सतेन्द्र केवट, रविराज कोरी के साथ साथ संस्थान से जुड़े प्रशिक्षणार्थियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# विश्व साइकिल दिवस पर निकली विशाल साइकिल रैली, दिखा उत्साह

**सीधी।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर सीधी शहर में विशाल साइकिल रैली का आयोजन साइको ट्राइब - सीधी साइकिल क्लब द्वारा किया गया। इस रैली में सीधी शहर के 50 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस विशाल रैली मे प्रमुख रूप से नीरज गुप्ता, अतुल सोनी, प्रवीण सिंह, विनोद कामदार, भानु कचेर, अमित बसंतानी, उत्कर्ष गुप्ता , रोशन केसरवानी, रोहित छतानी,दिलीप गुप्ता,आशु कामदार संजीव श्रीवास्तव, विकास सिंह, नरेंद्र परवानी, अजय हरवानी, अजय गुप्ता, सुरेंद्र ठाकुर, जीतेंद्र गुप्ता, राजू गुप्ता, राहुल गुप्ता, अर्पित गुप्ता,अनुभव श्रीवास्तव, वरुण विश्वकर्मा, तनिष्क केसरवानी, सिद्धार्थ गुप्ता एवं अन्य गणमान्य नागरिकों ने



भाग लिया। साइकिल रैली का मुख्य उद्देश्य साइकिल चलाने के लाभों को प्रमोट करना था। इसके अलावा, इस रैली ने प्रदूषण कम करने, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने और यातायात की भीड़ घटाने के लिए जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण कार्य किया।इस साइकिल रैली का आयोजन सीधी शहर के प्रमुख सड़कों में किया गया, जहां यह छत्रसाल स्टेडियम से शुरू हुई और शहर के प्रमुख चौराहों को होते हुए हॉस्पिटल चौक स्थित फिंगर्स मैजिक फनफ़ूड रेस्टोरेंट मे समाप्त हुई जहाँ सभी चालकों के लिए रेफ्रेशमेंट की व्यवस्था की गयी। साइकिल चलाकर लोग एकजुट होकर सड़कों पर चले और अपने संदेशों को प्रस्तुत करने का प्रयास किया। उन्होंने साइकिल चलाने के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए लोगों को अवगत कराया।

सीधी साइकिल क्लब के टीम लीडर अतुल एवं नीरज ने बताया की यह ग्रुप लगभग 6-7 महीने पहले स्वास्थ के प्रति लोगो को जागरुक करने के उद्देश्य से बनाया गया था, जिसमे की शहर के लोगों का सहयोग मिलता गया और आज हमारे ग्रुप मे 35+ एक्टिव सदस्य है। आयोजन को सफल बनाने मे जिला प्रशासन एवं फिंगर्स मैजिक फनफूड्स का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# 351 दीप प्रज्वलित कर राज्याभिषेक के खुशियों का मना उत्सव

**सिंगरौली।** छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के 350 बर्ष के पावन पर्व हिन्दू साम्राज्य दिवस पर आरोग्य भारती सिंगरौली एवं सुसंस्कार सोशल डब्लपमेंट द्वारा निगाही दुर्गा मण्डप के प्रांगण में 351 दीप प्रज्वलित कर राज्याभिषेक के खुशियों का उत्सव मनाया गया। साथ ही छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक पर प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जन अभियान के जिला समन्वयक राजकुमार विश्वकर्माजी,आरोग्य भारती के प्रांतीय संयोजक डॉ आर डी पाण्डेय, सुसंस्कार सोशल डब्लपमेंट के सचिव गजमोचन सिंह, नवांकुर सेक्टर खुटार के कार्यक्रम समन्वयक श्रीनिवास श्रीवास्तव,पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी रामनरेश त्रिपाठी,बी के शुक्ला, ओम प्रकाश तिवारी,शुभम सिंह,पूर्णिमा ,संतोषी ,बालमणि द्विवेदी रामबोला महराज, राहुल चौरसिया के साथ कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## सभी चुनौतियों को पार कर भाजपा को अच्छे मतों से विजई बनाएंः हितानंद शर्मा

**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री हितानंद शर्मा अपने दो दिवसीय प्रवास पर सिंगरौली पहुंचे। संगठन मंत्री शुक्रवार को सायं जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता की स्वर्गीय माता जी के त्रयोदशाह कार्यक्रम मे सम्मिलित हुये तथा दिवंगत पुण्यात्मा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। त्रयोदशाह कार्यक्रम मे पहुंचने वाले अन्य प्रमुख लोगों मे वन विकास निगम के उपाध्यक्ष सत्येन्द्र भूषण सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष कांतदेव सिंह, प्रदेश मंत्री राजेश पांडेय, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी, जिलाध्यक्ष सीधी देव कुमार सिंह चौहान, विधायक राम लल्लू वैश्य, सुभाष वर्मा, अमर सिंह, सीडा अध्यक्ष दिलीप शाह समेत समस्त पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि रहे। सभी आगंतुकों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं सहभोज मे सम्मिलित हुये। संगठन मंत्री ने अगले दिवस शनिवार को पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठकों को संबोधित किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। संगठन मंत्री ने तीनो विधानसभा की चुनाव संचालन टोली की पृथक बैठकों को सम्बोधित किया तथा आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर गहन मंत्रणा की। संगठन मंत्री ने चल रहे महा जनसंपर्क अभियान की समीक्षा की तथा कार्यकर्ताओं को विशेष दिशा निर्देश दिये। संगठन मंत्री ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों मे अल्प समय ही शेष है इसलिए आगामी 150 दिनो मे हम सबको विधानसभा चुनावों के अनुरूप ही कार्य करना है तथा हर चुनौती से पार पाकर पार्टी को पुनः अच्छे मतों से विजई बनाना है।

# जनजातीय विकासखण्डों की ग्रामसभाओं को अधिकार सम्पन्न बनाने लागू हुआ है पेसा एक्टः शिवराज

## मुख्यमंत्री कुसमी में बड़ा देव मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा, गौरव दिवस एवं जनजातीय सम्मेलन में वर्चुअली हुए शामिल

**सीधी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बड़ा देव भगवान में हमारी गहरी आस्था और श्रद्धा है। सीधी जिले के कुसमी गौरव दिवस पर बड़ा देव भगवान के नव-निर्मित मंदिर में बड़ा देव भगवान की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होते हुए हृदय प्रफुल्लित है।





मुख्यमंत्री ने भगवान बड़ा देव से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और निरंतर प्रगति-पथ पर अग्रसर होने की कामना की। मुख्यमंत्री श्री चौहान सीधी जिले के कुसमी गौरव दिवस पर बड़ा देव मूर्ति कुसमी की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर शुक्रवार 02 मई को जनजातीय सम्मेलन को छतरपुर में वीडियो कांफ्रेंसिंग से संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में पेसा एक्ट से जनजातीय विकासखंडों की ग्राम सभाओं को अधिकार सम्पन्न बनाया गया है। प्रदेश की 268 ग्राम सभाएँ स्वयं तेंदूपत्ता तुड़ाई और विक्रय का कार्य कर रही हैं। ग्राम सभाओं को गाँव में शराब की दुकान खोलने का फैसला करने का अधिकार दिया गया है। गाँव में छोटे-छोटे विवादों के निराकरण के लिए शांति और विवाद निवारण समितियाँ बनी हैं। गाँव से यदि किसी श्रमिक को काम के लिए बाहर ले जाया जाता है तो उसकी सूचना ग्राम सभा को देनी होती है। जनजातीय विकासखंडों में अब ग्राम सभाएं ही विकास की दिशा निर्धारित करेंगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में 10 जून से प्रत्येक पात्र बहन के खाते में एक हजार रूपये डाले जाएंगे। इससे बहनों को अपनी छोटी-छोटी जरूरतों के लिए किसी के आगे हाथ नहीं फैलाना पड़ेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। सभी को निःशुल्क खाद्यान्न, प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का आवास, बीमारी पर आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से बेटियों का धूमधाम से विवाह संपन्न किया जा रहा है। किसानों को केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 10 हजार रुपये की सम्मान निधि दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे भगवान बड़ा देव की प्रेरणा से निरंतर प्रदेशवासियों की प्रगति के लिए कार्य करते रहेंगे।कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री तथा विधायक सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों को स्वीकृत-पत्र वितरित किए गए।

साथ ही कक्षा 10 वीं में प्रदेश की मेरिट में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली सुश्री कीर्ति प्रभा मिश्रा तथा खेल महाकुंभ अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक विजेता भदौरा के श्री मुकेश कुमार गुप्ता सहित कुसमी के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रभारी मंत्री द्वारा जनजातीय वीर नायकों एवं वीरांगनाओं तथा जनजातीय वर्ग के लिए संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कलेंडर का विमोचन किया गया।

*शेष पेज 7 पर...*

## जुआ फड़ पर पुलिस का छापा, 23460 रूपए नकदी समेत चार आरोपी धराये



**सिंगरौली।** खुटार चौकी पुलिस ने ग्राम चितरवई कला पहाड़ी पर जुआ फड़ पर छापामार कार्रवाई करते हुए जुआ फड़ से 23460 रुपये नकदी, तास के 52 पत्ते सहित 4 जुआडियों को धर दबोचते हुए जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। उक्त कार्रवाई एसपी मो.यूसुफ कुरैशी के निर्देश, एएसपी शिव कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण, सीएसपी देवेश पाठक के मार्गदर्शन एवं कोतवाली टीआई अरूण पाण्डेय के सतत् निगरानी में चौकी प्रभारी खुटार अभिषेक पाण्डेय ने किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 1 जून को मुखबिरों के जरिये सूचना मिली की ग्राम चितरवई कला पहाड़ी पर कुछ लोग इकटठा होकर ताश पत्तो के साथ हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस टीम रवाना होकर रेड कार्रवाई करते हुए 4 व्यक्तियों को जुआ खेलते घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस ने अजय सोनी पिता रामजी सोनी उम्र 33 वर्ष, अरबिद सोनी पिता अमयलाल सोनी उम्र 26 वर्ष, रमेश पिता राजलाल सोनी उम्र 40 वर्ष तीनों निवासी खुटार एवं अवधेश सिंह चौहान पिता नरोत्तम सिंह उम्र 46 वर्ष कैलाशपुरी थाना मुगलसराय चांदोली उ.प्र. को ताश के पत्तों से रूपये पैसा से हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते पाये गये। जिनके कब्जे व जुआ फड़ से ताश के 52 पत्ते एवं 23460 रूपये नकदी जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। उक्त कार्रवाई उनि अभिषेक पाण्डेय, प्रआर राय सिंह, दयाशंकर शर्मा, गणेश मीणा, गुलाब सिंह, अशोक प्रताप सिंह, आर.मनीष पाण्डेय, दशरथ मांझी की महत्तवपूर्ण भूमिका रही।

**चितरवई कला स्थित पहाड़ी पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे थे जुआड़ी**

## प्रत्येक थानों की कार्यवाहियां 15 दिवस के अंदर की जायें पूर्णः पुलिस अधीक्षक

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक जिला सिंगरौली मो. यूसुफ कुरैशी के द्वारा दिनांक 3 जून 2023 को समस्त राजपत्रित अधिकारी (पुलिस) एवं सभी थाना/चौकी प्रभारियों को समय सीमा का निर्धारण करते हुये आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है।समस्त राजपत्रित अधिकारी (पुलिस) को निर्देशित किया जाता है कि माह में 02 बार थाने का इस आशय का भ्रमण करे कि थाना में समुचित रख रखाव, व्यवस्थित फर्नीचर, परिसर की साफ-सफाई, सभी रिकार्ड का व्यवस्थित ढंग से अपडेट स्थिति में संधारण, पुलिस कर्मियों में कानूनी ज्ञान का विकास, जप्तशुदा वाहनो/ अन्य जप्ती माल का निराकरण हेतु किये प्रयास तथा जप्त माल व्यवस्थित ढंग से उसका रख-रखाव एवं समुचित प्रशासनिक नियंत्रण इत्यादि की समीक्षा किया जाकर उसे दुरूस्त कराया जावे। साथ ही समीक्षा का पालन प्रतिवेदन से इस कार्यालय में अवगत कराया जावे।



### प्रदेश अध्यक्ष ने किया किसान सम्मेलन को संबोधित

# मध्यप्रदेश बीमारू राज्य से विकसित राज्य की श्रेणी में पहुंच चुकाः दर्शन

**सिंगरौली।** सामुदायिक भवन बैढ़न में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के द्वारा वृहद किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ट्रैक्टर रैली से हुई। रैली मे सैकड़ों की संख्या में चार पहिया वाहनो का काफिला रहा तथा चिलचिलाती धूप में किसान मोर्चा के नारों के साथ शहर की सड़कों पर किसानों का जनसैलाब उमड़ा।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी रहे। विशिष्ट अतिथियों मे मोर्चे के प्रदेश उपाध्यक्ष अवनींद्र पटेरिया, देवसर विधायक सुभाष रामचरित वर्मा, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेंद्र गोयल, सिंगरौली विकास प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह,किसान मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी विवेक अहिरवार रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता सिंगरौली किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनोद चौबे ने की।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विनोद चौबे ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा समस्त अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। जिलाध्यक्ष ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों की जानकारी दी।इस अवसर पर किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी ने संबोधित करते हुए केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की किसान हितेषी योजनाओं की जानकारी दी।

मध्यप्रदेश ने शिवराज सिंह चौहान के कुशल नेतृत्व में बीमारू राज्य से विकसित राज्य का सफर तय किया है । कांग्रेस के शासनकाल में हमने देखा था खेती के लिए प्रदेश में न पर्याप्त बिजली, न पर्याप्त खाद और न ही पर्याप्त पानी था । न ही किसानों को फसलों के पर्याप्त दाम मिलते थे, न ही किसानों को प्राकृतिक आपदा के समय कोई कवच था। या यूं कहें कि कृषि की आधारभूत संरचना पर कांग्रेस का ध्यान ही नहीं था, लेकिन जब से मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई है तब से किसान पुत्र मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में कृषि की विकास दर 3 प्रतिशत से बढ़कर 18.89 प्रतिशत हो गई है। खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए सरकार ने लगातार बुवाई क्षेत्र को बढ़ाने का काम किया है और आज शिवराज सिंह चौहान के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में 45 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित हो गई है।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित थे भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पुष्पराज सिंह, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेंद्र पाठक, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमापति जायसवाल किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती संध्या उरमलिया, जिला के उपाध्यक्ष धर्मराज सिंह बैंस, सुजीत सिंह, जिले के महामंत्री राजेश प्रताप सिंह,रवि चौरसिया,जिला मंत्री विनोद शर्मा,विनय कुमार पांडे, आशीष पांडे , किसान मोर्चा के कार्यकर्ता जिले के सभी 16 संगठनात्मक मंडलों से आकर किसान सम्मेलन में सम्मिलित हुए।

## युवाओं को नई दिशा दिखाने में सफल होंगे ये आयोजनः मंत्री कुलस्ते



**सीधी।** कुसमी गौरव दिवस एवं जनजातीय सम्मेलन कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भारत सरकार के केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार की शाम आयोजित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री कुलस्ते ने कहा कि बड़ा देव मंदिर का निर्माण एवं बड़ादेव की प्राण प्रतिष्ठा एक महत्वपूर्ण कार्य है। इस प्रकार के आयोजन से युवा पीढ़ी को एक नई दिशा मिलती है तथा उन्हें अपने आराध्य देवी-देवताओं के बारे में जानने समझने का अवसर मिलता है।

केंद्रीय मंत्री द्वारा इस प्रकार से आयोजित कार्यक्रम की सराहना की गई तथा इस प्रकार के कार्यक्रम आगे भी जारी रखने की सलाह दी गयी। कुसमी गौरव दिवस के आयोजन के संबंध में उन्होंने विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम की पहल की सराहना की तथा कहा कि आपने एक पुनीत कार्य किया है। इससे जहां एक ओर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को चिन्हित कर उन्हें पुरस्कृत करने का अवसर प्राप्त होगा, वहीं दूसरी ओर उनका एक रिकॉर्ड भी संधारित होगा, जिससे भावी पीढियां लाभान्वित होंगी। कार्यक्रम में विधायक श्री टेकाम तथा अन्य अतिथियों द्वारा केंद्रीय मंत्री का शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हीराबाई सिंह, जनपद सदस्य श्रीमती जमुनी देवी, एसडीएम कुसमी आरके सिन्हा, डॉ. के. एस. नेताम प्राध्यापक संजय गांधी महाविद्यालय सीधी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुसमी मानसिंह सैयाम, एन .के. एस. मरकाम क्षेत्र संयोजक जनजातीय कार्य विभाग सीधी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## ब्लैक फिल्म लगे वाहनों एवं रेड लाइट जंप करने वाले चालकों पर पुलिस ने की कार्यवाही

**सिंगरौली।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य चलाए जा रहे अभियान के तहत दिनांक 2 जून 2023 को अलग-अलग टीम लगाया जाकर शहर के माजन मोड एवं पुराना ट्रैफिक तिराहा पर वाहन चेकिंग लगाया जाकर कार के शीशे में ब्लैक फिल्म /सनग्लास लगाकर चलने वाले 12 वाहनों की ब्लैक फिल्म निकाली गई एवं कुछ वाहनों के विरुद्ध चलानी कार्यवाही की गई। मौके पर कार के शीशे से ब्लैक फिल्म निकलवाए जाने के साथ समझाइश दी गई कि माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा वर्ष 2012 में ब्लैक फ़िल्म के कारण विजिबिलिटी कम हो जाने से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका की दृष्टि से कार में लगाए जाने वाले ब्लैक फिल्म को गैरकानूनी बताए जाने के साथ इसे यातायात नियमों का उल्लंघन बताया है एवं माननीय न्यायालय द्वारा इस प्रकार की ब्लैक फिल्म को बैन कर दिया गया है। साथ ही शहर की यातायात व्यवस्था का सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन के साथ दुर्घटना रहित यातायात हेतु चौराहों पर यातायात सिग्नल लगाए गए हैं परंतु वाहन चालकों द्वारा सिग्नल का पालन न करते हुए रेड लाइट जंप करते हैं जिस कारण सड़क दुर्घटनाओं की संभावना अत्यधिक हो जाती है। यातायात पुलिस टीम द्वारा यातायात सिग्नल का जंप करने वाले 20 वाहनों पर चलानी कार्यवाही करते हुए सिग्नल का पालन करने की समझाइश दी गई एवं सिग्नल में जलने वाली हरी, लाल, पीली बत्ती के बारे में जागरूक किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी यातायात रामायण मिश्रा सउनि हामिद खान सउनि भोला पटेल प्रधान आरक्षक उमेश बागरी प्रधान रक्षक विनय सिंह आरक्षक संजीव आरक्षक अनिल कुमार आरक्षक उमेश अहिरवार एवं अन्य यातायात पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।



## कतरवार विक्रेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**सीधी।** कलेक्टर एवं एसडीएम की सक्रियता से एफआईआर की कार्यवाही कतरवार विक्रेता के खिलाफ की गई है। मिली जानकारी अनुसार समिति प्रबंधक टमसार राजेश्वरी सिंह पिता हरि भगत सिंह उम्र 58 वर्ष निवासी करौंदिया थाना बहरी हाल आदिम जनजाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित टमसार के द्वारा आरोपी राकेश कुमार जायसवाल पिता पुसई जायसवाल के खिलाफ 3/7आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की कार्यवाही हेतु आवेदन में जांच रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत किया है।जिसमें समिति प्रबंधक के द्वारा रिपोर्ट मे लिखवाया गया है संस्था द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान ठाडीपाथर के विक्रेता राकेश कुमार जायसवाल ग्राम गुडुआधार द्वारा खाद्यान्न वितरण में की गई धोखाधड़ी की शिकायत ग्रामीणो के द्वारा की गई।मामले पर संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान कतरवार का निरीक्षण किया गया। मौके पर लगभग 27 से 28 उपभोक्ता उपस्थित थे। कई उपभोक्ता द्वारा बताया गया कि विक्रेता के द्वारा द्वारा पीओएस मशीन में अंगूठा लगवा कर पर्ची दे दिया गया है किंतु खाद्यान्न नहीं दिया गया है। उपस्थित लोगों द्वारा यह भी बताया गया कि महीने में 2 दिन ही खाद्यान्न का वितरण किया जाता है जिससे कई राशन कार्डधारी उपभोक्ताओं को खाद्यान्न नहीं मिल पाता है। उपभोक्ताओं के हस्ताक्षर सुदा कथन भी संलग्न कर दिया है।वही खाद्यान्न स्टाक का भौतिक सत्यापन करने पर पाया गया कि मौके पर उपलब्ध स्टॉक में काफी अंतर है।विक्रेता के द्वारा 504290रूपये का गबन किया गया।वही विक्रेता द्वारा संस्था के कार्य को रोककर संस्था को हानि पहुंचाई गई है।जिससे समिति प्रबंधक ने थाना मडवास चौकी मे पहुचकर एफआईआर दर्ज करा दिया है।

# पति की बेवफाई में पत्नी कर रही थी आत्महत्या का प्रयास, पुलिस ने बचाया

**सिंगरौली।** सिंगरौली पुलिस की तत्परता से एक परिवार टूटने से बच गया।? वहीं पति की बेवफाई से तंग आकर आत्महत्या का प्रयास कर रही पत्नी को भी पुलिस ने समझाईश देकर बचाया। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 02.06.2023 को लगभग शाम 7 बजे दूरभाष के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि थाना सरई की रहने वाली महिला द्वारा अपने पति की दूसरी शादी को लेकर आत्म हत्या करने का प्रयास किया जा रहा है।



पुलिस अधीक्षक मो. यूसुफ कुरैशी के द्वारा तत्काल पुलिस की 03 टीम गठित कर पीडित महिला की पता तलाश करने तथा उसके पति का विवाह रोकने के लिये रवाना किया गया। पुलिस अधीक्षक मो. यूसुफ कुरैशी के निर्देशन में 02 टीमो द्वारा महिला के मोबाईल की लोकेशन प्राप्त कर उसे तत्परता पूर्वक ढूंढ निकाला गया। महिला ट्रामा अस्पताल के सामने खडी मिली। महिला को पुलिस वाहन में बैठाया जाकर महिला थाना लाया गया। नगर पुलिस अधीक्षक विन्ध्यनगर के मार्गदर्शन में महिला उप निरीक्षक रूपा अग्निहोत्री के द्वारा कॉउंसलिंग कर उससे बारीकी से पूछताछ की गई। पूछताछ में महिला के द्वारा बताया गया कि उसका पति बारात लेकर गया है दूसरी शादी कर रहा है। थाना प्रभारी सरई के द्वारा तत्परता पूर्वक उसके पति से सम्पर्क कर उसे घर से लाया जाकर उसे अपने पास रखा गया। महिला थाना उप निरीक्षक रूपा अग्निहोत्री द्वारा यह आश्वस्त किया कि उसके पति को पुलिस अपने संरक्षण में रखी है, उसके द्वारा कोई शादी नही की जा रही है और महिला को मोबाईल से उसके पती से बात कराया गया तथा वीडियो कॉल के माध्यम से भी दिखाया गया। साथ ही रात्रि के समय महिला को भोजन कराकर उसे वन स्टाप सेंटर में सुरक्षित रखा गया और दिनांक 03.06.2023 को उसके पति तथा ससुराल पक्ष को बुलाया जाकर आपस में सुलह कराई गई।

## चकमा दे रहे शातिर रेत माफिया को पुलिस ने धर दबोचा

**सीधी।** अमिलिया थाना प्रभारी अशोक पांडेय को लगातार अवैध रेत परिवहन की सूचना मिल रही थी परंतु जब भी कार्यवाही करने के लिए पुलिस निकलती इससे पहले शातिर रेत माफियाओं को सूचना मिल जाती और शातिर रेत माफिया रफूचक्कर हो जाते। परंतु एक कहावत है चोर कितना ही शातिर क्यों ना हो पर पुलिस अक्सर चोर से एक कदम आगे ही रहती है। जिसका जीता जागता नमूना बीती रात देखने को मिला। थाना प्रभारी अशोक पांडेय को सूचना मिली थी रात शातिर चोर रेत का अवैध परिवहन करने वाला है। थाना प्रभारी द्वारा अपनी रणनीति तैयार की गई और घेराबंदी करते हुए रेत माफिया के मंसूबे पर पानी फेरते हुए धर दबोचा गया। इससे पहले भी कई बार रेत चोरी के मामले पर कई मामले पंजीबद्ध किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार जिला बदर की भी कार्यवाही की गई है।



**क्या है पूरा मामलाः** पुलिस अधीक्षक सीधी एवं अति. पुलिस अधीक्षक सीधी के निर्देशन व एसडीओपी चुरहट के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमिलिया के नेतृत्व में अमिलिया पुलिस द्वारा रेत चोरी के आदतन आरोपी के ट्रैक्टर ट्राली जिसमे रेत लोड को जप्त किया गया। पुलिस के अनुसार दिनांक 3 जून 22 को रात करीबन 02.30 बजे जरिये मुखविर सूचना मिली कि धर्मेन्द्र सिंह निवासी खड़बड़ा थाना अमिलिया जिला सीधी का अपने पावरटैक ट्रैक्टर ट्राली से तितली के सोन नदी घाट से रेत चोरी कर रहा है । तितली सोन नदी घाट पहुंचकर घेराबंदी की गई तो कुछ लोग ट्रैक्टर ट्राली में बालू लोड कर रहे जो पुलिस को देखकर धर्मेन्द्र सिंह ट्रैक्टर लेकर भागने का प्रयास किया जिसके सामने पुलिस गाड़ी को लगाया गया तब ट्रैक्टर चालक धर्मेन्द्र सिंह तथा लेबर ट्रैक्टर ट्राली को छोड़कर भाग गये। जिसे पकड़ने का काफी प्रयास किया गया जो रात का फायदा उठाकर भाग गया। बिना नम्बरी नीले कलर का पावर ट्रैक 439 डीएस प्लस ट्रैक्टर में जो सोन घडियाल प्रतिबंधित क्षेत्र में सोन नदी में अवैध रूप से रेत उत्खनन कर परिवहन करना व वन्य जल जीवों का जीवन को संकट से डालना, तथा पर्यावरण को नुकसान पहुंचाना व रेत (खनिज) की चोरी करने जैसे अपराध घटित किया गया है । आरोपी चालक धर्मेन्द्र सिंह निवासी खड़बड़ा थाना अमिलिया जिला सीधी का कृत्य अपराध धारा 379,414 ता. हि. 4/21 खान खनिज अधि एवं धारा 2,41,52 मा. वन्य अधि. धारा 27,29,39 (डी), 51 वन्य जीव संरक्षण अधि, धारा 15 पर्यावरण संरक्षण अधि का दण्डनीय अपराध माये जाने से ट्रैक्टर मय ट्राली जिसमे रेत लोड है जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया व अपराध के 356/230 कायम कर आरोपी की पता तलास व विवेचना जारी है।मामले में फरार आरोपी धर्मेन्द्र सिंह निवासी खडबड़ा जो रेत चोरी के मामले में आन आरोपी है जिसके विरुद्ध थाना अमिलिया में इसके पूर्व रेत चोरी के कुल 03 प्रकरण पंजीबद्ध है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमिलिया निरीक्षक अशोक पाण्डेय ,सउनि सुनील पाठक प्रभार राजेन्द्र सिंह, अरुणेन्द्र पटेल, आरक्षक दिनेश सिंह, प्रकाश सिंह का विशेष योगदान रहा।

## सतीश मिश्रा कोतवाली एवं पुष्पेंद्र मिश्रा बनें चुरहट थाना प्रभारी

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक रविन्द्र वर्मा ने शनिवार को जिले के दो बड़े थानों के थाना प्रभारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया। जिसमें चुरहट में पदस्थ नगर निरीक्षक सतीश मिश्रा को थाना कोतवाली प्रभारी बनाया गया है तो वहीं चुरहट थाने की कमान एक बार फिर पुष्पेंद्र मिश्रा को दी गई है। ज्ञात हो कि निरीक्षक पुष्पेंद्र मिश्रा इसके पूर्व थाना कोतवाली ,रामपुर नैकिन ,मझौली, बहरी कमर्जी में बतौर थाना प्रभारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। एक बार फिर पुष्पेंद्र मिश्रा शनिवार को देर शाम चुरहट थाने की कमान संभाल कर क्षेत्र भ्रमण करना प्रारंभ कर दिया है। श्री मिश्रा तेजतर्रार थाना प्रभारियों में शुमार है और निष्पक्ष कार्यवाही के लिए जाने जाते हैं।

सम्पादक, प्रकाशक तथा मुद्रक-पद्मधर पति त्रिपाठी द्वारा अधिकार प्रेस ( आफसेट प्रिन्टर्स ) नियर विकास भवन सीधी-486661 मध्यप्रदेश से मुद्रित कर ''समय'' प्रेस भवन, नियर विकास भवन सीधी-486661 मध्यप्रदेश से प्रकाशित।
संस्थापक -स्व.कार्तिकेय पति त्रिपाठी दूरभाष-सम्पादकीय-07822-252343, विज्ञापन-9303809000 फैक्स- 07822-356081 आरएनआई. पंजीयन क्र.- 6137/59, स्थानीय संपादक -कुशाग्र पति त्रिपाठी